


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 280/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 23 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## स्मृति ईरानी और योगी की कलह को ट्विटर पर लिखने वाले पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

स्मृति ईरानी और योगी आदित्यनाथ की कलह को ट्विटर पर लिखने वाले एक पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, इस पत्रकार का नाम आवेश तिवारी है। दरअसल हाल ही में तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें तिवारी ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच झगड़े को लेकर टिप्पणी की थी। इस पोस्ट में तिवारी ने अपमानजनकक भाषा का इस्तेमाल किया, जिसके चलते तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। दरअसल एक्स पर पोस्ट करते हुए तिवारी ने लिखा, अमेठी को लेकर बड़ी खबर आ रही है, चुनाव प्रचार समाप्त होने की शाम स्मृति जी और बाबाजी के बीच फोन पर हॉट टॉक हो गई है ,स्मृति ने आरोप लगा दिया कि आप के इशारे पर अमेठी में संगठन के लोग उनका असहयोग कर रहे हैं, आपका झगड़ा मुझसे तो नहीं है जिनसे है उनसे निपटिए, बात तुम तड़ाम तक आ गई, नेपाली बाबा ने अंततः कह दिया कि हम महिलाओं से बात करना पसंद नहीं करते।



दरअसल हाल ही में तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें लिखा, अमेठी को लेकर बड़ी खबर आ रही है, चुनाव प्रचार समाप्त होने की शाम स्मृति जी और बाबाजी के बीच फोन पर हॉट टॉक हो गई है ,स्मृति ने आरोप लगा दिया कि आप के इशारे पर अमेठी में संगठन के लोग उनका असहयोग कर रहे हैं, आपका झगड़ा मुझसे तो नहीं है जिनसे है उनसे निपटिए, बात तुम तड़ाम तक आ गई, नेपाली बाबा ने अंततः कह दिया कि हम महिलाओं से बात करना पसंद नहीं करते।

इस पोस्ट के वायरल होने के बाद तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और एफआईआर में कहा गया कि केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद श्रीमती ईरानी जी के बारे में आपत्तिजनक और मर्यादा टिप्पणी की गई है। जिसके चलते पार्टी के सभी कार्यकर्ता आहत व गुस्सा हुआ है। इसके साथ ही इस ट्वीट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को नेपाली बाबा कहकर संबोधित किया गया है, उन्होंने महिलाओं से बात करना पसंद नहीं करते ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनके सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का काम किया है, जो की दण्डनिय अपराध है।

## ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव, पीएम सुनक ने की समय से पहले संसद भंग करने की सिफारिश

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को घोषणा की कि चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाएंगे। उनकी इस घोषणा के साथ ही चुनाव की तारीखों को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया। लंदन में बारिश के बीच, देश के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री सुनक ने छह सप्ताह में मतदान कराए जाने की पुष्टि की।



प्रधानमंत्री चुनाव की तारीख की जानकारी औपचारिक रूप से महाराज चार्ल्स को देंगे और उसके बाद संसद जल्द ही भंग कर दी जाएगी। सुनक (44) ने ब्रिटिश मतदाताओं के समक्ष अपने कार्यकाल का रिकॉर्ड पेश किया। उन्होंने कहा, मैं अपनी शक्ति के अनुसार आपको मजबूत सुरक्षा प्रदान करने के लिए सब कुछ करूंगा। यह मेरा आपसे वादा है... अब समय आ गया है कि ब्रिटेन अपना भविष्य चुने।

### दो साल पहले बने थे प्रधानमंत्री

ऋषि सुनक 25 अक्टूबर 2022 को ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने थे। वह पहले ब्रिटिश-भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले लिज ट्रस प्रधानमंत्री थी, जिनका कार्यकाल सिर्फ 49 दिन का था। लिज की सरकार में सुनक वित्त मंत्री थे। ब्रिटेन में पिछले 14 सालों से कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता में है। ब्रिटिश मीडिया फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, ब्रिटेन में हो रहे अलग-अलग सर्वे में लेबर पार्टी बढ़त बना रही है।

# सिल्क रूट की तरह गेम चेंजर होगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की तरह एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा। आईएमईसी के लिए पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित त्र20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता हुआ था।

एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने आईएमईसी को लेकर कहा, %खाड़ी देशों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। अमेरिका और यूरोप ने भी इस पर भारत का समर्थन किया है। त्र20 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथ मिलाने की तस्वीरों ने विश्व स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा, जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती। आप दुनिया को अपने साथ ले सकते हैं और मेरी यही कोशिश थी। आप मुझे बताएं कि त्र8 और त्र20 का जन्म कैसे हुआ। जिन मुद्दों के लिए इनका गठन किया गया है, हमें उन मुद्दों से कभी भटकना नहीं चाहिए। मैंने हर किसी को आश्वस्त किया। कुछ लोगों के साथ मुझे निजी तौर पर बात करने की जरूरत थी। मैंने वैसा ही किया। दूसरी



बात, मेरा इरादा ये था कि मैं आखिरी सत्र में प्रस्ताव नहीं लाऊंगा। मैं इसे इतनी जल्दी करूंगा कि लोग हैरान हो जाएंगे। इसलिए मैंने दूसरे दिन की घोषणा का काम पहले दिन ही पूरा कर लिया। यह मेरी रणनीति थी और वह रणनीति काम कर गई।

बाइडन और मोहम्मद बिन सलमान के हाथ मिलाने के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी दोनों नेताओं से मित्रता है। उन्होंने कहा, हमने आईएमईसी पर काम किया है, जो सिल्क रूट की तरह एक बड़ा गेम चेंजर होने जा रहा है। खाड़ी देशों की सकारात्मक और सक्रिय भूमिका थी। भारत को अच्छी भूमिका निभाने का मौका मिला। अमेरिका और यूरोप हमारे साथ थे। सभी ने सोचा कि एक ठोस और सकारात्मक परिणाम होगा। इसलिए हम उस पर मिलते थे। पीएम ने आगे कहा, इसलिए सऊदी किंग और राष्ट्रपति बाइडन को एक साथ लाने का अवसर था और मेरी दोनों के साथ अच्छी दोस्ती है।

पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित त्र20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी के लिए भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## आज देश भर में बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव

गंगा स्नान करने बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु



**नई दिल्ली।** आज देश भर में बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस बार बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को है। माना जाता है कि गौतम बुद्ध का वैशाख माह की पूर्णिमा को हुआ था। साथ ही इसी दिन भगवान बुद्ध को आत्मज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी। यह दिन बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के लिए बहुत शुभ माना जाता है।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा और यमुना नदी में पवित्र स्नान करने के लिए भी बड़ी मात्रा में श्रद्धालुओं पहुंचे है। मध्यप्रदेश में नर्मदापुरम, जबलपुर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, अमरकंटक में नर्मदा के तटों पर सुबह 5 बजे से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। उज्जैन में शिप्रा के तट पर भी भीड़ है। सुबह से ही स्नान-धान, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला जारी है। नर्मदापुरम के सेठानी समेत सभी घाटों पर पवित्र स्नान करने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से आए हैं। शाम को सेठानी घाट पर महाआरती और दीपदान होगा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं को गहरे पानी से जाने से रोकने के लिए अनाउंसमेंट किया जा रहा है।

## 52 जिला मुख्यालयों में हो रही काउंटिंग की तैयारी

### सीईओ अनुपम राजन ने इंदौर में किया अवलोकन

**भोपाल।** 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में कलेक्टर तैयारियां करा रहे हैं। इसके लिए मतगणना दलों को ट्रेनिंग देने के साथ मतगणना एजेंट्स को भी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के आधार पर प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। इस बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी अपने दफ्तर के अफसरों के साथ अलग-अलग जिला मुख्यालयों में स्ट्रांग रूम की व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके लिए अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कैडर के अफसरों को जिलों में भेजा जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन इंदौर में मतगणना स्थल का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को इंदौर पहुंचे हैं। इसके पहले उन्होंने सीहोर और देवास के मतगणना स्थलों व स्ट्रांग रूम का इंस्पेक्शन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने सीहोर जिला



मुख्यालय में विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा।

## श्री राम महायज्ञ एंव महारासलीला महामहोत्सवः यज्ञशाला निर्माण का भूमि पूजन



**भोपाल।** रामानन्द आश्रम गुफा मंदिर के संस्थापक श्री मंहत स्वामी नारायण दास त्यागी जी , श्री मंहत स्वामी नरहरी दास त्यागी जी , श्री मंहत स्वामी चंद्रमादास त्यागी की पुण्य स्मृति में दिनांक 12 जून से 16 जून 2024 तक आयोजित पंच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एंव वृंदावन की रासलीला संत समागम होगा गुफा मंदिर के श्री मंहत रामप्रवेश दास जी महाराज के द्वारा परम सानिध्य महामंडलेश्वर डाकौर मंगल पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री माध्वाचार्य जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में यह याज्ञिक अनुष्ठान होगा। इस उपलक्ष्य में आज गुफा मंदिर धाम में श्री मंहत रामप्रवेश दास जी महाराज के सानिध्य में यज्ञशाला की भूमि पूजन आयोजित हुई मुख्य रुप से महापौर मालती राय, आलोक शर्मा, कैलाश मिश्रा ,पार्षद प्रियंका मिश्रा,, पं विष्णु राजौरिया,पं रमेश प्रसाद त्रिपाठी, श्याम मनोहर अग्रवाल, राधेश्याम पाटीदार, गोपाल गोदानी , शर्मा,सोनू शर्मा, संदीप दुबे,मनोज शर्मा, कृष्ण कुमार दुबे, पं लेखराज शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राहुल बोले- भाजपा कहती है कि वह संविधान बदल देगी, उन्हें सपने नहीं देखने चाहिए



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार (23 मई) को दिल्ली में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- संविधान में हमारे देश की हजारों साल पुरानी विचारधारा है, लेकिन ञ्छ्ककहती है कि वो संविधान को खत्म कर देगी। राहुल ने कहा- भाजपा वालों को ये सपने नहीं देखने चाहिए। ये लोग ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे। भाजपा के सामने करोड़ों देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी खड़ी है। देश के संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता है। राहुल ने आगे कहा- भाजपा-आरएसएस के लोग आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। हम आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर, आरक्षण को 50त्र से आगे बढ़ाएंगे। पीएम से एक इंटरव्यू में पूछा गया कि देश में अमीर लोग अमीर होते जा रहे हैं, गरीब लोग गरीब होते जा रहे हैं, आपकी इस पर क्या राय है? पीएम मोदी ने 30 सेकेंड सोचा और कहा कि क्या मैं सबको गरीब कर दूं?

## प्रियंका बोलीं- हरियाणा में भाजपा के खिलाफ लहर, देश में बदलाव आएगा

**सिरसा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा प्रचार के अंतिम दिन हरियाणा आई हैं। यहां उन्होंने सिरसा में रोड शो निकाला। हालांकि रोड शो आधे रास्ते में ही खत्म हो गया। इस दौरान सिरसा से उम्मीदवार किरण सैलजा और बेटी श्रुति चौधरी की भिवानी-महेंद्रगढ़ से टिकट कटने से नाराज विधायक किरण चौधरी भी उनके साथ नजर आईं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने कहा-हरियाणा में भाजपा के खिलाफ एक लहर है। पूरे देश में अंडर करंट है, लोग थक गए हैं इनकी राजनीति से। ये सत्ता की राजनीति करते हैं, सत्ता के लिए ये कुछ भी कर सकते हैं। ये जनता को नकारने वाली राजनीति है।



देश में बेरोजगारी बहुत हो चुकी है, महंगाई बहुत हो चुकी है, लोग थक चुके हैं, और बदलाव आएगा।

### हरियाणा में भाजपा प्रत्याशी को दिखाए काले झंडे

हरियाणा के फरीदाबाद के मोहना इलाके में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को किसानों ने काले झंडे दिखाए। किसान मोहना में एक्सप्रेसवे पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। किसानों को वहां से भाजपा प्रत्याशी के गुजरने की सूचना मिली तो वे रोड पर आ गए और काले झंडे दिखा कर विरोध जताया।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार बढ़ाने पर अडानी ग्रुप का जोर, विदेशों में पैर पसार रहा अडानी का पोर्ट कारोबार

भारत के दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी दुनियाभर में अपने कारोबार के जरिए पैर पसारने की तैयारी कर रहे हैं. इसके लिए वो करीब 25 हजार करोड़ रुपए अपने साथ कैश लेकर तैयार हैं. दरअसल, गौतम अडानी का जोर अब विदेशों में अपना कारोबार बढ़ाने पर है. उनकी नजर तीन विदेशी पोर्ट्स पर है और इसके लिए उन्होंने बड़ा निवेश प्लान तैयार किया है।

अडानी ग्रुप की नजर यूरोप, अफ्रीका और साउथ ईस्ट एशिया में तीन बड़े पोर्ट्स पर है. ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया और भारत के दूसरे बड़े रईस हैं. वहीं, दुनिया के अमीरों की सूची में वह 14वें नंबर पर हैं।

मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी ग्रुप की नजर तीन विदेशी पोर्ट्स पर है. अडानी ग्रुप इंडिया-यूरोप कॉरिडोर पर अपनी मजबूत उपस्थिति चाहता है. सूत्रों के मुताबिक देश में लौह अयस्क और कोयले के आयात की मांग बढ़ रही है. जबकि फिनिश्ड गुड्स का एक्सपोर्ट बढ़ रहा है. सूत्रों के मुताबिक अडानी ग्रुप अपनी पोर्ट कैपेसिटी को बढ़ाना चाहता है. अभी उसकी कंटेनर हैंडलिंग कैपेसिटी सालाना करीब 600 मिलियन मीट्रिक टन है. इसमें करीब 420 मिलियन मीट्रिक टन घरेलू क्षमता है।



ग्रुप की योजना अगले दो साल में अपनी क्षमता को बढ़ाकर 800 मिलियन मीट्रिक टन करने की है. इसके लिए उसने विदेशों में कई पोर्ट को खरीदने की प्लानिंग की है. ग्रुप की नजर पोर्ट रेवेन्यू बढ़ाने पर है. इसके लिए उसकी योजना अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अपना बिजनेस बढ़ाने की है जिस पर अभी चीन का दबदबा है. अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन के रेवेन्यू में अंतरराष्ट्रीय पोर्ट्स की हिस्सेदारी अभी 10 फीसदी है जिसे अगले तीन साल में 20 से 25 फीसदी पहुंचाने का लक्ष्य है।

अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन की योजना तीन बड़े पोर्ट्स को खरीदने की है. इसके लिए उसने तीन अरब डॉलर का कैश चेस्ट बनाया है. अभी कंपनी के पास इजरायल, श्रीलंका, इंडोनेशिया, तंजानिया और ऑस्ट्रेलिया में पोर्ट्स हैं. साथ ही उसने वियतनाम, मलेशिया और फिलीपींस में भी पोर्ट से जुड़ी गतिविधियों में मदद के लिए करार किए हैं। वित्तीय 2025 में अडानी पोर्ट्स का रेवेन्यू 30,000 से 31,000 करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है. साल 2023-24 में कंपनी का कंसोलिडिटेड रेवेन्यू 28 फीसदी तेजी के साथ 26,111 करोड़ रुपये रहा था जबकि नेट प्रॉफिट 50 फीसदी बढ़कर 8,104 करोड़ रुपये पहुंच गया. अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन देश की सबसे बड़ी प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर है. उसके पास 15 पोर्ट्स और टर्मिनल हैं।



### अ भा सिंधी साहित्य सभा का राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह आयोजित

# 50 हजार नगद और सिन्धी अज़रक टोपी पहनाकर 8 राष्ट्रीय प्रतिभाएं सम्मानित



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक समारोह इंदौर की सिंधू मुहिंजी जीजल संस्था के सहयोग से इंदौर अभिनव कला समाज गांधी हाल परिसर स्थित स्टेट प्रेस क्लब में 19 मई को संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर श्री नरेंद्र हिरवानी ने कहा कि राष्ट्रभाषा,व्यवहार भाषा के साथ ही प्रत्येक नागरिक द्वारा मातृभाषा का सम्मान आवश्यक है। इसके लिए खेल के समान सतत साधना करना होगी । सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सरकार व समाज को मिलकर काम करना होगा। अकादमियां तो सरकार ने बनाई पर समाज पाठक वर्ग नहीं पैदा कर पाया।

जीजल संस्था व कार्यक्रम संयोजक किशोर कोडवानी ने विषय प्रवर्तन करते बताया मध्यप्रदेश की पहचान बाघ प्रिन्ट, राजस्थान की पहचान बुटीक, बंधेज़ कला को समाज से परे कर दिया गया। हस्तकला, हुरमुचो,बादल, नृत्य कला छेज, झुमिर, होजमालो, भगत लुप्त होने के कगार पर पहुंच दी गई है।

कार्यक्रम में साहित्य, चित्रकला मूर्ति शिल्प,संगीत, शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाली सिंधी भाषी विभूतियों को सम्मानित किया गया। सिंधी लोक कथा गायन शैली भगत के कलाकार लवि कमल भगत ,अजमेर की प्रस्तुति के साथ ही सिंधी भाषा में हास्य नाटक मोबाइल की मार का मंचन इंदौर के नमोश तलरेजा और विनीता मोटलानी की टीम ने किया। दिल्ली से आई काव्या और प्रेरणा नावानी ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन यूथ चेयरमैन अशोक मनवाणी ने किया। सिंधी साहित्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शंभू जयसिंघानी श्री धीरज नावानी, कैलाश बालानी उपाध्यक्ष नई दिल्ली सचिव हरीश लालवानी ,दिल्ली और एजुकेशनल अध्यक्ष जेठानंद लालवाणी अहमदाबाद के अलावा श्रीमती ॠतु भाटिया रीजनल सेक्रेटरी, गुजरात, अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

**समारोह में जो अवार्ड दिए गए वे इस प्रकार हैं:** साहित्य अवार्ड श्री प्रो अर्जुन चावला ,अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) भाषा संवर्धन अवार्ड श्रीमती रश्मि रामानी इंदौर (मध्य प्रदेश) मूर्ति शिल्प और चित्रकला अवार्ड महेंद्र कोडवानी, इंदौर (मध्य प्रदेश) सिंधी सोशल मीडिया वार्ड अशोक छाबड़िया, भोपाल ( मध्य प्रदेश)

नृत्य कला अवार्ड: प्रेरणा और काव्या नावानी, नई दिल्ली

फनकार अवार्ड: श्री लवि कमल भगत, अजमेर (राजस्थान)

अदीब अवार्ड: फिल्म और नाटक लेखक मुरलीधर बलवानी ,भोपाल (मध्य प्रदेश)

**दो दिवंगत साहित्यकारों को श्रद्धांजलि:** समारोह में सिंधी साहित्य सभा के पदाधिकारी गण ने इस संस्था के सांस्कृतिक अध्यक्ष श्री चंदर सावनाणी , अहमदाबाद और श्रीमती शोभा लालचंदानी, मुंबई के अवसान पर शोक व्यक्त किया और उनके योगदान का स्मरण किया। दोनों साहित्यकारों का हाल ही में निधन हुआ है।

**पुस्तकों का विमोचन:** समारोह में ॠतु भटिया, अहमदाबाद की पुस्तक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। यह पुस्तक सिंध के सफरनामे पर आधारित है। अन्य लेखकों की पुस्तकों का भी विमोचन हुआ। इनमें तारा लालवानी,इंदौर, अमर गोपलानी ,इंदौर भोजराज खेमानी क्रांति卐मुंबई डॉ जेठो लालवानी ,अहमदाबाद की पुस्तकों का विमोचन शामिल है। यह कार्यक्रम 43 डिग्री तापमान भरी दोपहर दो बजे निर्धारित समय पर प्रारंभ होकर समय पर शाम पांच बजे संपन्न हुआ जो एक रिकार्ड रहा। कार्यक्रम ने सिन्धी बंधुओं की समय प्रतिबद्धता और कला-भूख को भी सिद्ध किया ।

# वैशाख बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर की सामूहिक मंगल मैत्री वंदना



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री चुनाभट्टी में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के द्वारा तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा महाउत्सव बुद्ध जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर विश्व शांति एवं कल्याण लिए के सर्वधर्म के धर्मगुरु ओर बौद्ध अनुयाई के द्वारा शेकड़ों दीप प्रज्वलित कर सामुहिक मंगल मैत्री वंदना का आयोजन किया गया .जिसमे भोपाल शहर के सम्मानित ईसाई धर्मगुरु आर्च बिशफ फादर दुरईराज, मुस्लिम बोहरा समाज से शेख मुर्तुजा अली, हाजी मोहमद हारून ,अध्यक्ष, जमीयत उलमा, शिख धर्म से गुरुचरण अरोरा ,हिन्दू धर्म से स्वामी अनिलंद महाराज ,पंडित महेंद्र शर्मा ,जैन धर्म से राजेंद्र कोटरी,प्रो मनोज जैन, भंते राहुलपुत्र, कैथोलिक पीआरो फादर एल्फ्रेड डिसुजा , शैली जी ,इमरान हारून, ब्रह्मकुमारी हेमा बहन, डॉ दिलीप नागल,ओर सभी ने सबका मंगल हो सबका कल्याण हो, सभी प्राणी सुखी हो की मंगल कामना के साथ सामुहिक मंगल मैत्री वंदना लेकर बुद्ध जयंती की मंगलकांमनाए प्रदान कि। सभी धर्म के धर्मगुरु ओर समाज के वरिष्ट सेवीओ को साधुवाद देते हुए बौद्धधर्म गुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो कहा की शांति एवं सद्भावना बौद्ध संस्कृति की पहचान रही हैं। भगवान बुद्ध ने विश्व में शांति, सद्भावना, मैत्री एवं मानवता का संदेश दिया. बौद्ध धर्म शैक्षिक मानव जीव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में लोक कल्याण की शिक्षा देता है उन्होंने मानव लोक कल्याण की भावना को जन्म दिया और शान्ति का उपदेश देकर सबसे पहले पंचशील तत्वों के विषय में अवगत कराया ओर लोगों को समता समानता ,करुणा -प्यार के साथ रहना सिखाया। बौद्ध धर्म सुखमय जीवन बिताने का मार्ग प्रशस्त करता है और इसलिए यह भारत की ही देन है जो बौद्ध धर्म ने शांति और सद्भावना की स्थापना की पहल की ओर विश्व के अनेकों देशों ने भगवान बुद्ध के धर्म को अपनाकार अपने देश का राष्ट्र धर्म माना और बौद्ध धर्म का अनुसरण कर लोग अपने आप को धन्य समझते हैं।

वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर सभी सर्वधर्म के धर्माचार्य ओर बौद्ध अनुयाई के द्वारा विश्व शांति एवं कल्याण के लिए सामुहिक मंगल मैत्री वंदना

कार्यक्रम में पूज्य भंते राहुलपुत्र, भंते सुमेध पुत्र, किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष, नगर निगम भोपाल, संजय गजभिए, संदीप वाकोड़े, धनंजय जंभुलकर, सुखदेव वाकोड़े, सुनीता सेजवाल सुशीला गजभिए, साधना भारती, रेखा मेश्राम ,प्रेमलता सिरोलिया और सैकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित थे.

# राजीव गांधी को शहादत दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस ने किया याद



**संत हिरदाराम नगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता त्रिलोक दीपानी, उप ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी उपस्थित थे।

अशोक मारण ने स्व. राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने युवाओं को 18 साल की आयु में मतदान करने का मौलिक अधिकार दिया। घनश्याम लालवानी ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी ने जब देश की कमान संभाली उस समय देश में चारों और हिंसा का माहौल था उन्होंने अपनी सुझबुझ से देश में नफरत को खत्म कर सदभावना बनाए रखी। इस अवसर पर स्व. राजीव गांधी को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर पुरषोत्तम हरचंदानी, किशोर तेजवानी, प्रवक्ता महेश गुरबानी, जीतेश खानचंदानी, मनोहर सतानी,

### बोर्ड परीक्षा परिणाम में किड्स कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भोपाल।** 1993 में स्थापित किड्स कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल,हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद क्षेत्र में शिक्षा और अनुशासन के लिए जाना जाता है हाल ही में बोर्ड परीक्षा परिणाम में यहां के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया किड्स कान्वेंट साइड सेकंड की स्कूल की प्रिंसिपल रेनू सक्सेना ने बताया कि पांचवी एवं आठवीं परीक्षा का बोर्ड परिणाम सत प्रतिशत रहा दसवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 90त्न रहा विशेष उपलब्धि यह रही की सभी छात्र 75त्न और उससे अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं किड्स कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर तरुण सक्सेना ने बताया कि विगत 30 वर्षों में स्कूल ले शिक्षा के साथ ही अनुशासन में अपना नाम स्थापित किया है साथ ही यहां पर पढ़ने वाले अनेक छात्र आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत है इस वर्ष से किड्स कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पर 12वीं कक्षा की मान्यता प्राप्त हुई है तरुण सक्सेना ने कहा कि अनेक छात्रों को वह निशुल्क शिक्षा देकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

# चोरी की घटनाओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने डीसीपी को कराया अवगत

### किराएदारों का सर्वे कराने की मांग, देर रात तक खुल रही दुकानों से भी बढ़ रहे अपराध



**संत हिरदाराम नगर।** बैरागढ़ में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। इसको लेकर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद राजेश हिंगोरानी एवं पार्षद अशोक मारन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी मलकित सिंह से मुलाकात की। जिसमें कॉलोनी के अध्यक्ष कन्हैयालाल दामानी, बी.डी. भारवानी, वासुदेव गोलानी आदि सम्मिलित थे।

प्रतिनिधि मंडल द्वारा डीसीपी मलकित सिंह को बैरागढ़ में विगत दिन पहले हुई लाखों की चोरी की घटना के बारें में अवगत कराया एवं शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन, तीन स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते



**भोपाल।** ऑल इंडिया भारतीय विश्वविद्यालय संगठन के तत्वाधान में आयोजित ए.आई.यु. जोनल इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबाल महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप में एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक एवं तीन कांस्य पदक अर्जित किये।

पुरुष वर्ग टीम इवेंट मुकाबले में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के लक्ष्य प्रसाद, जटाशंकर, सिद्धांत, ध्रुव खन्ना, हर्ष चौहान, विनायक ने स्वर्ण पदक तथा टीम इवेंट महिला वर्ग में गुंजन मिश्रा, हिमांशी मांडवी, लता, स्वर्ण पदक, टीम टारगेट इवेंट में इशिका, प्रीति, अमृता, आराधना, रुक्मणी ने स्वर्ण पदक तथा महिला डबल्स मुकाबले में रेनू एवं कशिश ने कांस्य पदक अर्जित किया।

पुरुष डबल्स मुकाबले में कृष्णकांत पटेल नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कांस्य पदक अर्जित किया टीम के कोच तनवंत सिंह मेनेजर अंशुल मालवीय थी।

प्रतियोगिता में गत वर्ष भी विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया ड्रॉप रोबॉल में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

सभी विजेता खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डा अशोक कुमार राय डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन,पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, डॉ. बी.एस. पवार एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, तनवंत सिंह, महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दी।

# विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में एमबीए की छात्राओं ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया



**संत हिरदाराम नगर।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई मेरिट लिस्ट में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की एम.बी.ए. एवं एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड की छात्राओं ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करके संस्थान को एक बार फिर से गौरवान्वित किया। विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में संस्थान की एम.बी.ए. बैच 2021-2023 की छात्रा कु. प्राची खत्री ने द्वितीय स्थान एवं कु. हिमांशी रायसिंघानी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। साथ ही एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड 2018-2023 बैच से मेरिट लिस्ट में कु. रौशनी मंगतानी ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, कु. धारा जैन ने द्वितीय स्थान एवं कु. नेहा बलवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कार्यक्षेत्र में आने वाले विदिशा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, राजगढ़ एवं भोपाल जिले के 150 से अधिक एम.बी.ए. महाविद्यालयों के 20,000 से अधिक सम्मिलित छात्र-छात्राओं के बीच में निरंतर दूसरे वर्ष प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद एवं संत सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे संस्थान में छात्राओं का प्रोफेशनल कोर्स में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। चाहे वो परीक्षा परिणाम हो या प्लेसमेंट्स, संस्थान ने हमेशा वीमेन एम्पावरमेंट में अनेक कीर्तिमान बनाये हैं। इस अकादमिक उपलब्धि के लिए संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर एवं सभी प्राध्यापकों ने छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### होण्डा मोटरसाइकिल ने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया

**भोपाल।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने भोपाल शहर में एक और प्रभावशाली जागरुकता अभियान के साथ सड़क सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। आईईएस युनिवर्सिटी के परिसर में एचएमएसआई ने एक और उपलब्धि हासिल की जहां 1700 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। सड़क सुरक्षा अभियान में कई रोचक गतिविधियों जैसे सेफ्टी राइडिंग थ्योरी सैशन, खतरे का अनुमान लगाने के लिए प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा क्विज़, हेलमेट पर जागरुकता और राइडिंग ट्रेनर सैशन का आयोजन किया गया, इन गतिविधयों ने पूरे अभियान के दौरान प्रतिभागियों को सक्रियता के साथ जोड़े रखा। एचएमएसआई हर व्यक्ति की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी प्रतिबद्धता के साथ, एचएमएसआई देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता के साथ सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियानों का आयोजन करती रही है और लोगों को ड्राइविंग की सुरक्षित प्रथाओं के बारे में ज़रूरी जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करती रही है।

### एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने अवसरों का लाभ उठाने स्टूडेंट्स को भोपाल में ओपन हाउस के लिए आमंत्रित किया

**भोपाल।** उच्च शिक्षा में नवाचार लाने और ज्ञान समाज के उभरते क्षेत्रों में शिक्षा देने की सोच के साथ स्थापित, यूनिवर्सिटी ऑफ द फ्यूचर, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू)) अपने आगामी ओपन हाउस की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित है। इस ओपन हाउस का आयोजन रविवार, 26 मई को पीटीडीसी ऑडिटोरियम, विद्युत वितरण प्रशिक्षण केंद्र, गोविंदपुरा, रायसेन रोड, भोपाल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिये स्टूडेंट्स, अभिभावकों और शिक्षाविदों को यूनिवर्सिटी की प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति के अवसरों और शैक्षणिक प्रोग्रामों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

ओपन हाउस में आने वाले लोगों को प्रेसिडेंट प्रोफेसर प्रकाश गोपालन सहित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी की सम्मानित लीडरशिप टीम और फैकल्टी से मिलने का मौका मिलेगा। जानकारीप्रद सत्रों और चर्चाओं के माध्यम से इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों को एनयू की एक व्यापक समझ मिलेगी कि वे किस तरह भविष्य के लीडर्स तैयार करने का काम कर रहे हैं। प्रोफेसर प्रकाश गोपालन, प्रेसिडेंट, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी में हम स्टूडेंट्स को आज की डेटा-प्रेरित दुनिया में आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।

### प्रोटीन से भरपूर प्राकृतिक आहार, जो प्रोटीन सप्लीमेंट्स का अच्छा विकल्प हो सकते हैं: समद्दर

**भोपाल।** प्रोटीन आपके शरीर की संपूर्ण सेहत के लिये जरूरी है ,क्योंकि ये मांसपेशियों ऊतकों और हॉर्मोन के लिए एक बिल्डिंग ब्लॉपक का काम करता है। प्रोटीन मेटाबोलिज़्छम को नियमित करने में सहायक होता है इम्युखन फंक्शकन को सहयोग देता है और लगातार ऊर्जा प्रदान करता है। सुविधा के लिये कई लोग प्रोटीन सप्लीकमेंट्स लेते हैं लेकिन हैदराबाद के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन (एनआईएन) ने हाल ही में डाइट को लेकर नये दिशा.निर्देश जारी किये हैं, जो शरीर बनाने के लिये सप्लीनमेंट्स का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं। ॠतिका समद्दर, रीजनल हेड. डिपार्टमेंट ऑफ क्लिनिकल न्यूएट्रीशन एण्डे डायटेटिक्सस, मैक्स हेल्थ केयर ने बताया कि एक अनुभवी डायटीशियन होने के नाते, मैं अपने क्लाइंट्स को प्रोटीन सप्लीशमेंट्स छोड़ने और प्रोटीन के प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे कि बादाम को प्राथमिकता देने की सलाह लगातार देती हूँ।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दी हैं। शुक्ल ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के प्रेम, करूणा और अहिंसा के मार्ग का अनुशरण करें। श्री शुक्ल ने कहा कि निर्वाण का मार्ग करूणा और अहिंसा से ही जाता है। भगवान बुद्ध ने दुनिया में शांति का संदेश दिया।

# मंत्री राकेश शुक्ला ने दी देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं



भोपाल/ग्वालियर/ भिंड। 23 मई महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती पर मंत्री राकेश शुक्ला ने देश प्रदेश के सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मंत्री राकेश शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा बुद्ध समझदारी से जीवन जीने, सेहत का ध्यान रखने ,क्रोध न करने, आध्यात्मिक जीवन जीने और किसी भी तरह की हिंसा न करने तथा जीवन में त्याग को अपनाने की सीख देते हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से ज्यादा अपनी यात्रा पर ध्यान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता में अपना अहम योगदान सभी को देना चाहिए।

## बुद्ध पूर्णिमाः संकल्प लें योग करके हम सब बुद्ध हो जायेंः योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग गुरु अग्रवाल ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि आत्म ज्ञान प्राप्त करने की सर्वोत्तम विधि है ध्यान, आज हम सब संकल्प लें योग करके बुद्ध हो जाने का। भगवान बुद्ध की वाणी बुद्धं शरणं गच्छामि। धम्मं शरणं गच्छामि। संघ शरणं गच्छामि। मैं बुद्ध की शरण में जाता हूँ। मैं धर्म की शरण में जाता हूँ। मैं संघ की शरण में जाता हूँ। का ध्यान करने से अलौकिक शांति की प्राप्ति होती है।

# भाजपा-कांग्रेस पर ईसीआई सख्त, नड्डा-खरगे को भेजा नोटिस, चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखने को कहा

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को स्टार प्रचारकों को अपने प्रवचन को सही करने, सावधानी बरतने के लिए औपचारिक नोट जारी करने का निर्देश दिया है। और मर्यादा बनाए रखें. यह आयोग का भाजपा और कांग्रेस को उनके स्टार प्रचारकों के नेतृत्व में प्रचार की गिरती गुणवत्ता के मद्देनजर अभूतपूर्व आदेश है । चुनाव आयोग ने जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया है। चुनाव निकाय ने दोनों पार्टियों के स्टार प्रचारकों को अपने प्रचार अभियान में धार्मिक और सांप्रदायिक स्वरों से परहेज करने का निर्देश दिया है। ईसीआई ने भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए भी कहा है जिनसे समाज में विभाजन हो सकता है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि स्टार प्रचारक ऐसे बयान न दें जो गलत धारणा देते हों जैसे कि भारत के संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। इसके अलावा, अग्निवीर योजना पर बोलते हुए, चुनाव निकाय ने कांग्रेस प्रचारकों या उम्मीदवारों से रक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और रक्षा बलों



की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में संभावित विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है। आयोग ने पाया है कि भारत का सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश एक स्थायी संरक्षण है और इसे चुनावों का शिकार नहीं बनाया जा सकता है।

चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि भाजपा और कांग्रेस को भारतीय मतदाताओं के गुणवत्तापूर्ण चुनावी अनुभव की विरासत को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और उनके बचाव को खारिज कर दिया है। आयोग ने बताया है कि चुनाव के समय सत्ता में रहने वाली पार्टी के पास अतिरिक्त जिम्मेदारी होनी चाहिए और कहा है कि विपक्ष के लिए भी कोई असीमित अतिरिक्त जगह नहीं होनी चाहिए। पहले पांच चरणों का मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को हुआ था। अगले दो चरण का मतदान 25 मई और 1 जून को होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव सात में हो रहे हैं। चरण, 19 अप्रैल से 1 जून तक चलने वाली छह सप्ताह की मैराथन। परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में, कलेक्टर-एसपी की रिपोर्ट मांगी

## काम खराब तो जिले से बाहर होंगे अफसर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोकसभा चुनाव की बेला खत्म होते-होते मध्य प्रदेश के मुखिया सीएम मोहन यादव एक्शन में आ गए हैं। सरकार अब बड़े और कड़े फैसले लेने जा रही है। इसके लिए सीएम ने सामान्य प्रशासन विभाग और पुलिस मुख्यालय को निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने सात दिन में रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल, सरकार कामकाज में कसावट लाने के लिए कलेक्टर एसपी स्तर के अधिकारियों की रैंकिंग करने जा रही है। अधिकारियों के कामकाज के आधार पर उन्हें नंबर दिए जाएंगे। जिन अफसरों की परफॉरमेंस संतोषजनक नहीं होगी, उन्हें जिले से बाहर कर दिया जाएगा। यानी उन्हें जिले से हटाकर दूसरे विभाग अथवा मंत्रालय में बिना विभाग के बैठा दिया जाएगा।

**कलेक्टरों की परफॉरमेंस जांचेंगी सरकार :** सीएम डॉ.मोहन यादव ने जीएडी



को सभी 52 जिलों के कलेक्टरों की परफॉरमेंस जांचने के निर्देश दिए हैं। इसी आधार पर उनकी रैंकिंग की जाएगी। जीएडी और वरिष्ठ अधिकारी यह देखेंगे कि कलेक्टरों ने राजस्व मामलों के निराकरण, गेहूं खरीदी, नामांतरण जैसे कामों को कितनी तेजी से निपटाया है। जिले में प्रशासनिक स्तर के किन मामलों में पेंडेंसी ज्यादा है, उन्हें मार्क कर हर कलेक्टर की रिपोर्ट बनेगी।

सीएम के निर्देश पर प्रदेश में एसपी स्तर के अधिकारियों के कामकाज का भी आकलन किया जाएगा। भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है। ऐसे में यहां एसीपी स्तर के अधिकारियों की रैंकिंग बनाई जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि उनके जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर की स्थिति कैसी है। अपराधों के ग्राफ का आंकड़ा बढ़ रहा है या कम हो रहा है। थानों में पेंडेंसी कितनी है। जिन जिलों के कलेक्टरों की रैंक कम होगी, यानी उनका कामकाज संतोषजनक नहीं मिला तो संभागायुक्तों से जवाब-तलब किया जाएगा। इसी तरह जिन जिलों में पुलिस अधिकारियों का काम ठीक नहीं मिला, वहां के एआईजी और आईजी स्तर के अधिकारियों से सवाल-जवाब होंगे। कुल मिलाकर जिन जिलों के अधिकारियों की रैंक खराब आएगी, उन पर गाज गिरना तय है।

4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश में बड़े पैमाने पर तबादले किए जाएंगे। इनका आधार अधिकारियों की परफॉरमेंस ही रहेगी। लिहाजा, सरकार ने पहले जिलों में जमीनी काम देखने वाले कलेक्टरों और लॉ एण्ड ऑर्डर को मेंटेन करने वाले एसपी स्तर के अधिकारियों के कामकाज का आंकलन कराने का फैसला लिया है। सीएम डॉ.मोहन यादव ने स्वयं जीएडी और पीएचक्यू को इसे लेकर सख्त निर्देश दिए हैं।

## गुरु गोरखनाथ जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर बच्चों को वितरण की कापी, पुस्तकें और पेन



**भोपाल।** गुरु गोरखनाथ जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा कर उनसे आशीर्वाद लिया गुरु गोरखनाथ विकास संगठन ने गुरु गोरखनाथ जयंती की पूर्व संध्या पर मध्यम वर्गीय छात्र छात्राओं को पुस्तक कॉपी पेन एवं पढ़ने योग्य सामग्री प्रदान की जिससे उनका उज्जवल भविष्य बन सके संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राहुल जोगी ने बताया गुरु गोरखनाथ जी महाराज का भी यही उद्देश्य था कि दूसरों की मदद करें उनके बताए हुए मार्ग पर हम चलकर लोगों की सेवा करें फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती रंजीता राहुल जोगी ने कहा कि मिलकर ऐसे बच्चों का सहयोग करना चाहिए जो पढ़ना चाहते लेकिन पढ़ाई करने में असमर्थ है उनकी पढ़ाई लिखाई का खर्चा हम सबको मिलकर उठाना चाहिए इस अवसर पर कई सामाजिक बंधु उपस्थित थे बच्चे पुस्तक काफी पेन पाकर काफी खुश नजर आ रहे थे

# वृद्धजनों के लिए 15 स्थानों पर लग रहे विशेष स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल ।** स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा वृद्धजनों की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें असंचारी रोगों का परीक्षण, मोतियाबिंद के लिए आंखों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, बधिरता जांच, वयस्क बीसीजी टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने की सेवाएं दी जा रही हैं। मजदूरों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए श्रमिक पीठों पर पूर्व से आयोजित किए जा रहे शिविरों में श्रमिकों ने उत्साह पूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया है। इन शिविरों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। शिविरों को विस्तार देते हुए वृद्धजनों के लिए भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। ये शिविर सुबह 7.00 बजे से लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में क्षय रोग व कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि श्रमिकों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में बीस हजार से



अधिक श्रमिकों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया है। 812 श्रमिक परिवारों के आयुष्मान कार्ड और 15 सौ से अधिक आभा कार्ड बनाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भोपाल के इन 15 स्थानों पर किया जा रहा है बागमुगलिया कंजड़ मोहल्ला, ललिता नगर कोलार रोड डी मार्ट के सामने, जिंसी चौराहा, इतवारा चौराहा, लालघाटी चौराहा, बैरागढ़ चौराहा, करोंद चौराहा, गांधीनगर चौराहा, 10 नंबर मार्केट, नेहरू नगर चौराहा, परिहार चौराहा अशोका गार्डन, आनंद नगर चौराहा, मिनाल रोड अयोध्या नगर चौराहा, सिंधी कॉलोनी चौराहा, कैंची छोला।

# सेवानिवृत्त अधिकारी के घर में घुसे हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाश

**भोपाल ।** गांधी नगर थाना इलाके में रहने वाले रिटायर्ड अधिकारी के घर पर हथियारो से लैस नकाबपोश बदमाशो द्वारा धावा बोलने की घटना सामने आई है। गनीमत दंपत्ति ने साहस दिखाते हुए मदद के लिये जोर-जोर से चीखते हुए शोर मचाया जिससे घबराकर बदमाश वहॉं से भाग गए। घटना की शिकायत लेकर थाने पहुंचे फरियादी से पुलिस ने आवेदन लेकर गश्त बढ़ाने की बात कही। डर के कारण फरियादी परिवार दूसरे मकान में शिफ्ट हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गॉंधी नगर क्षेत्र के अब्बास नगर में स्थित ऋषि विलास कॉलोनी में रहने वाले सोहेल हाशमी रेलवे के रिटायर अधिकारी हैं। उनकी पत्नी शासकीय स्कूल में नौकरी करती है। बीती 18-19 मई की देर रात करीब ढाई बजे दंपत्ति घर में सो रहे थे। इसी बीच लगभग चार बदमाश उनके घर में घुस आए। कमरो में आकर बदमाश सामान की तलाशी ले रहे थे, इसी बीच आहट होने पर उन्होने बिना देर किये मदद के लिये



जोर-जोर से चीखते हुए शोर मचाना शुरु कर दिया। उनके चीखने की आवाज से घबराकर बदमाश फौरन ही वापस भाग गए। पूरी वारदात उनके घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में हथियार लिये चार बदमाश अंदर घुसते हुए नजर आ रहे हैं। घटना की शिकायत फरियादी ने गांधी नगर थाना पुलिस से की। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर नाइट पैट्रौलिंग बढ़ाने का कहते हुए रवाना कर दिया। घटना से डर कर हाशमी ऋषि विलास कॉलोनी का घर छोड़कर दूसरे मकान में शिफ्ट हो गए है।

# निगम आयुक्त की सख्त हिदायत, दरोगाओं को कार्य स्थल पर वर्दी पहनकर ही आना होगा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर की साफ-सफाई व कचरा निष्पादन व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत बुधवार को शहर के अनेक स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कचरा उत्सर्जन स्थल से ही गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने व अलग-अलग ही परिवहन कराने, कचरा कहीं भी न जलाने, नाला-नालियों की बेहतर ढंग से सफाई कराने और कचरा शीघ्रता से उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने अवधपुरी स्थित सुलभ जनसुविधा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जनसुविधा केन्द्र में कोई अटेंडर न पाए जाने एवं रेट लिस्ट भी नहीं लगी होने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना कराया साथ ही वर्दी न पहनने और गुटका खाने पर वार्ड क्र. 61 के दरोगा का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने दरोगाओं को कार्य स्थल पर वर्दी पहनकर ही आने की सख्त हिदायत दी। निगम आयुक्त नारायन ने भेल क्षेत्र के बाजार क्षेत्रों व अन्य स्थलों पर



निगम द्वारा साफ-सफाई कराने के संबंध में भेल अधिकारियों से चर्चा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बुधवार को गोविन्दपुरा सब्जी बाजार, अर्जुन नगर, लेबर कालोनी, सतनामी नगर, बिजली कालोनी, आनन्द नगर, अवधपुरी तिराहा आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था एवं जनसुविधा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने गोविन्दपुरा सब्जी बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई कराने, भेल के अन्य बाजार क्षेत्रों में कचरा संग्रहण, परिवहन, रोड स्वीपिंग सहित साफ-सफाई व्यवस्था के अन्य कार्यों के संबंध में भेल अधिकारियों से चर्चा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने जोन क्र. 15 अर्जुन नगर में कई स्थानों पर कचरा जला पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि कचरा कहीं पर भी न जलाया जाए। निगम आयुक्त ने कचरा उत्सर्जन स्थल से ही गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक ही रखने और पृथक-पृथक ही परिवहन करने, सड़क व अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के कचरे को पृथक-पृथक रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने बिजली कालोनी आनन्द नगर स्थित नाले की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने, कचरा उठवाने हेतु निर्देशित किया।

# एम्स भोपाल के डॉ.अहमद नजमी ने पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में आयोजितकार्यशाला में भाग लिया

**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह संकाय और छात्रों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और ज्ञान-साझाकरण की संस्कृति को सदैव बढ़ावा देते रहते हैं। उनके मार्गदर्शन में, एम्स भोपाल ने विभिन्न शैक्षणिक मंचों पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विभिन्न सम्मेलनों और कार्यशालाओं में संकाय सदस्यों की भागीदारी न केवल उनके कौशल को बढ़ाती है बल्कि उन्हें नवीनतम प्रगति के साथ अद्यतन भी रखती है। हाल ही में, फार्माकोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अहमद नजमी ने पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) चंडीगढ़ में आयोजित फार्माकोजेनोमिक्स, बेसिक्स टू एडवांस्ड पर 7वीं



कार्यशाला में एम्स भोपाल का प्रतिनिधित्व किया।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आणविक जीव विज्ञान और फार्माकोजेनोमिक्स में नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। डॉ. नजमी सहित प्रतिभागियों ने सेंगर अनुक्रमण, अगली पीढ़ी के अनुक्रमण, प्राइमर डिजाइनिंग, रियल-टाइम पीसीआर, डीएनए निष्कर्षण, आरएनए निष्कर्षण और एकल न्यूक्लियोटाइड बहुरूपता (एसएनपी) के कार्यात्मक विश्लेषण पर व्यावहारिक सत्रों में भाग लिया। इस कार्यशाला के द्वारा प्रतिभागियों को ज्ञान और कौशल साझा करने के लिए एक बेहतर अवसर मिला जो नवाचार को बढ़ावा देने और व्यक्तिगत आनुवंशिक प्रोफाइल के अनुरूप चिकित्सीय रणनीतियों में सुधार करने में सहायक होगी । डॉ. नजमी ने कार्यशाला के बारे में कहा, ×ह्लह्वशह्ल;इस कार्यशाला में भाग लेना एक अमूल्य अनुभव रहा है। यहाँ प्राप्त ज्ञान और कौशल सटीक चिकित्सा में हमारे चल रहे अनुसंधान और सहयोगी प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं इन उन्नत तकनीकों को हमारे काम में एकीकृत करने और सहयोग के नए अवसरों की खोज करने के लिए उत्सुक हूँ।

# चंद्रमा का भी होता है नामकरण: सारिका घारू



**भोपाल ।** हिन्दू मान्यता मे चंद्रमा जिस नक्षत्र मे होता है उस आधार पर किसी बच्चे का नामकरण किया जाता है लेकिन क्या चंद्रमा का भी नामकरण होता है इसके बारे में बताते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा गुरूवार 23 मई के चंद्रमा को फ्लावर मून के नाम दिया गया है ।कुछ भागों में इसे प्लांटिंग मून और मिल्क मून भी कहा जा रहा है ।आज ( गुरूवार 23 मई) शाम लगभग 7 बजे के आसपास यह फ्लावर मून की स्थिति में पूर्व दिशा में उदित होता दिखेगा । रात भर आकाश में रहकर सुबह सबेरे पश्चिम दिशा में अस्त होगा । सारिका ने बताया कि पश्चिमी देशों में मई में कई जंगली फूल खिलते हैं , संभवत- रंग बिरंगे फूलों ने वहां के निवासियों को चंद्रमा के इस नामकरण के लिए प्रेरित किया है। आकाश में विभिन्न ग्रह एवं पूर्णिमा का चंद्रमा एक आकाशीय घड़ी के रूप मे कार्य करते हैं जिनसे दिन, महीने, साल का अनुमान लगाया जाता रहा है । भारत में माह का नामकरण पूर्णिमा पर चंद्रमा के आसपास स्थित नक्षत्र के नाम पर किया जाता रहा है ,चूंकि आज चंद्रमा विशाखा नक्षत्र मे है तो इस महीने का नाम वैशाख था तथा यह पूर्णिमा वैशाखी पूर्णिमा नाम दिया गया है । इस प्रकार चंद्रमा भी बदलता है हर माह अपना नाम । अगला फ्लावर मून 12 मई 2025 को होगा ।

स म्पा द की य

**माता-पिता** वो हस्ती हैं
जिसके पसीने **की एक**
बूंद का कर्ज भी **औलाद**
भविष्य दर्पण
नहीं चुका सकती।।

**गहरी बात**

"कामयाब होना है तो एक बात गांठ बाँध लो,
पाँव भले ही फिसल जाए
लेकिन जुबान कभी नहीं फिसलनी चाहिए।"

# दुर्घटना नहीं, व्यवस्थाओं का आइना!

पुणे देश की सांस्कृतिक राजधानी कही जाती है और वर्तमान में युवाओं के लिए रोजगार का बहुत बड़ा हब भी है, वहां हाल ही में एक लग्जरी कार से हुई सड़क दुर्घटना का जो मामला सामने आया, वह पुणे के लिए तो बदनुमा दाग है ही, हमारे शहरी जीवन और व्यवस्था से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण विसंगतियां भी उजागर करता है। आरोपी को जिस तरह से अदालत ने बचाने का प्रयास किया, वह हमारी न्याय व्यवस्था की खामी को उजागर करने के लिए काफी है। वो तो गनीमत है कि मीडिया में हुए शोरगुल और कुछ बड़े नेताओं के विरोध के बाद, केस को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हुए, नहीं तो यह मामला कानून व्यवस्था पर भी एक बड़ा दाग छोड़कर जाता।

घटना से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं इस बात की ओर ध्यान खींचती हैं कि कैसे हमारे समाज का एक तबका नियम-कानून को अपनी जेब में लिए चलता है। मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है। अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर तक नहीं था क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे। गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

यही नहीं, मिली सूचनाओं के मुताबिक दुर्घटना से पहले यह लड़का एक नहीं दो अलग-अलग बार में जाकर शराब पीता है। ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में शराब पीने की न्यूनतम उम्र 25 साल है, लेकिन बार में कोई भी यह पता करने की जरूरत नहीं समझता कि शराब मांगते इस लड़के की उम्र शराब पीने की हुई है या नहीं।

गौर करने वाली बात यह कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने आवेदन दिया था कि उसे इस मामले में आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार करने की इजाजत दी जाए। लेकिन इस आवेदन को अलग रखकर बोर्ड ने आरोपी को जमानत दे दी। उसे हादसे पर एक निबंध लिखने और 15 दिनों तक यातायात पुलिस की मदद करने को कहा गया।

स्वाभाविक ही इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो बाकायदा एक्स पर पोस्ट कर दिया कि कानून अमीरों और गरीबों के बीच फर्क कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है। इस बीच बिल्डर पिता समेत कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस दुर्घटना में दो युवा इंजीनियरों की मौत हुई, जो मध्यप्रदेश के रहने वाले थे। लेकिन हमारे प्रदेश में इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, यह सोचने वाली नहीं, शर्म करने वाली बात है। यह सामान्य दुर्घटना कतई नहीं थी। यह एक अमीरजादे के शौक का घिनौना स्वरूप था। इसे ईश्वर की मर्जी कहकर टालने से काम नहीं चलेगा, इसमें लोगों को हमारी कानून व्यवस्था और समाज में जो अमीरों की मनमर्जियां चल रही हैं, उसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हम अपनी मजबूरियों में उलझ कर यदि इन्हें माफ करते रहेंगे, जैसा कि होता आया है, तो ऐसा ही आगे भी होता रहेगा। वो अपराध करते रहेंगे और हम ईश्वर की मर्जी कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचकर अंधेरी खाई में गुम हो जाएंगे।

यहां मामला केवल एक पुणे के अमीरजादे की और उसके परिजनों की घोर लापरवाही का नहीं है। हमारी सामाजिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। बात सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों की नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है। आखिर कैसे समाज का एक प्रभावशाली और ताकतवर हिस्सा उससे इस कदर बेपरवाह हो सकता है कि नियम-कानूनों की न्यूनतम चिंता करना भी उसे गैरजरूरी लगने लगे। इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करना जितना जरूरी है उतना ही अहम है यह संदेश देना कि कानून सभी देशवासियों के लिए समान हैं। वैसे सब जानते हैं कि हमारे देश में कानून की हालत क्या है? वो तो वर्तमान प्रधान न्यायाधीश ने कुछ नजीरें पेश नहीं की होतीं, तो अदालतों को लेकर हमारी मानसिकता बिल्कुल भी नहीं बदलती।

और यदि हम समाज की बात करें तो, आज का समाज जातिवादी भी है और अमीर-गरीब के बीच स्पष्ट तौर पर बंटता चला जा रहा है। पूरी दुनिया के साथ ही हमारे देश में भी अमीरों और गरीबों के बीच खाई बढ़ती जा रही है। हम कुछ मुट्ठी भर अमीरों के साथ करोड़ों की संख्या वाले गरीबों को मिलाकर औसत आय घोषित करके खुश हो रहे हैं। लेकिन जो आय का अंतर है, वो पुणे की घटना से साबित कर दिया है। यह एक सड़क दुर्घटना नहीं है, हमारी कानून व्यवस्था की असलियत का आइना और एक वर्ग का समाज पर बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण है। हमारी आज की असलियत यही है।

# लोस चुनाव: सीटों पर जीत की 'सियासी सट्टेबाजी' और वोटर का विवेक

अजय बोकिल




लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न टीवी न्यूज चैनलो को दिए जा रहे इंटरव्यू के बाद अगर किसी साक्षात्कार की चर्चा है तो वो है भाजपा के पूर्व चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की। अपना पुराना धंधा छोड़कर राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि भाजपा का 370 का नारा भले ही अवास्तविक लगे, लेकिन पार्टी 270 से नीचे हरगिज नहीं जा रही। दूसरे अगर बीजेपी 370 के नीचे गई तो निवेशकों को भारी नुकसान होगा। अगर प्रशांत किशोर के दावे को सही मानें तो देश में मोदी राज 3.0 तकरीबन तय है। उधर पीएम मोदी ने भी कह दिया है कि 400 पार के नारे को आंकड़ों में न पकड़ें, इसका भावार्थ लें कि चुनाव में एनडीए इसके आसपास रहने वाला है। यहां पीके की बात में कुछ दम इसलिए है कि वो भाजपा के अलावा भी कुछ दूसरी विपक्षी पार्टियों के चुनावी रणनीतिकार रह चुके हैं और अब खुद एक जन सुराज पार्टी के संस्थापक हैं। पीके का चुनाव के करंट को पकड़ने और नापने का अपना तरीका है। अलबत्ता पीके के इस बयान ने विपक्ष के उस सोशल मीडियाई नरेटिव को तगड़ा झटका दिया है, जिसमें चार चरण बाद ही मोदी की सत्ता से बेदखली के गारंटी के साथ दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा तो क्या समूचा एनडीए भी 272 के जादुई आंकड़े तक नहीं पहुंच रहा। कारण कि पूरे देश में भाजपा और मोदी विरोधी हवा है और इसका सीधा चुनावी फायदा इंडिया गठबंधन को हो रहा है। इसी आधार पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि पांच चरणों में कुल 428 सीटों पर हुई वोटिंग में इंडिया गठबंधन 350 सीटें जीत रहा है। दूसरी तरफ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दावा है ?कि पांचवे चरण के बाद भाजपा सहित एनडीए गठबंधन की 310 सीटों पर जीत पक्की है। हम सरकार तो बना ही रहे हैं, अब सवाल सिर्फ 400 सीटों की फिनिश लाइन को टच करने का है।

यह शायद पहला चुनाव है, जिसमें हर चरण के बाद दोनो मुख्य प्रतिद्वंद्वी गठबंधनों द्वारा जीत के आंकड़े 'राजनीतिक सट्टेबाजी' की तरह जारी किए जा रहे हैं। जबकि चुनाव के दो चरण अभी बाकी हैं। इस मनोवैज्ञानिक सियासी द्वंद्व का लक्ष्य मानो यह है कि क्लास टेस्ट के अंकों को ही बोर्ड परीक्षा का फाइनल? रिजल्ट मान लिया जाए। इसी से समझा जा सकता है कि राजनीतिक रण में मुकाबला कितना कड़ा है। हकीकत में जनता के मन में क्या है, यह ठीक- ठीक कोई नहीं जानता बल्कि चुनावी रणनीतिकारों की कोशिश तो यह है कि जनता भी उसी वेव लैंथ पर सोचे, जो नेता सरेआम कह रहे हैं। इन तमाम दावों प्रतिदावों के बरक्स एग्जिट पोल सर्वे अभी आने बाकी हैं। वो क्या बताते हैं, यह और भी दिलचस्प होगा।

बहरहाल जनमत की व्याख्याएं मतदान के हर चरण के बाद अलग- अलग तरीके से की जा रही हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन का मानना है कि पांचवे चरण तक आते- आते भाजपा के लिए एक आसान- सी लगती प्रेमकथा अब ट्रैजिक स्टोरी में बदलने जा रही है तो भाजपा का मानना है कि 'हाथी चले बजार, कुत्ते भूंके हजार' की तर्ज पर वो और उसका संगठन अपना काम कर रहा है। चुनाव मुद्दों की सर्जिकल स्ट्राइक की बजाए वोटों के 'मैनेज मेंट' से जीता जाता है। नतीजे विपक्षी दावों का मुंह? सिल देंगे।

उधर विपक्ष बार- बार यह कह रहा है कि इस बार नतीजे चौंकाने वाले होंगे। वैसे भी अमूमन हर चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले ही होते हैं, हारने वाले के लिए तो होते ही हैं, कई बार जीतने वाले के लिए भी होते हैं। इसमें भी विपक्ष का ट्रिकी फंडा यह है कि अगर इंडिया गठबंधन एनडीए से ज्यादा सीटें जीत सका तो नरेटिव बनेगा कि जनादेश मोदी और भाजपा के खिलाफ आया है, इसलिए सभी भाजपा विरोधी पार्टियां मिलकर सरकार बनाएंगी। अगर भाजपा फिर भी जीत गई तो ईवीएम पर हार का ठीकरा फोडना तय है। उसे 'जनादेश' की बजाए 'मशीनादेश' कहा जाएगा। इसी के चलते अपने- अपने इलेक्शन नरेटिव को स्थापित करने के लिए सोशल मीडिया पर काफी मेहनत और पैसा खर्च किया जा रहा है। एक व्लॉगर ने तो यू ट्यूब पर चौथे चरण के बाद प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान 'बीबीसी वर्ल्ड' के कथित सर्वे के आधार पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित कर डाली। सर्वे के बैक ड्रॉप में बीबीसी वर्ल्ड का लोगो भी दिखाया जा रहा था। लेकिन जब बीबीसी ने अपनी अधिकृत वेबसाइट पर उसके द्वारा ऐसा कोई चुनावी सर्वे नहीं करने की बात स्पष्ट की तो व्लॉगर ने अपने वीडियो से चुपके से बीबीसी वर्ल्ड का लोगो हटा दिया। लेकिन तब तक उसे डेढ़ लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके थे। यह डिजीटल दुस्साहस का एक उदाहरण है।

यहां सवाल यह कि इंडिया गठबंधन की जीत के दावों में सच्चाई कितनी है? अगर आंकड़ों के आधार पर बात करें तो यह कठिन जरूर है, मगर असंभव नहीं है। इंडिया गठबंधन में कुल 36 दल शामिल हैं और अगर टीएमसी को भी मिला लिया जाए तो यह संख्या 37 होती है। इनमें से कांग्रेस के अलावा 6 पार्टियां ऐसी हैं, जो चुनाव में 5 से लेकर 25 तक सीटें जीतने की स्थिति में हैं। अगर कांग्रेस चुनाव में अपनी जीती हुई सीटों का आंकड़ा 125 तक ले जा सकी तो बाकी सहयोगियों की मदद से वह किसी तरह 272 तक पहुंच सकती है। लेकिन कांग्रेस के लिए वर्तमान में 52 सीटों का आंकड़ा 125 तक पहुंचाना एवरेस्ट सर करने जैसा है। 'दो लड़को' की बातों में इतना जबर्दस्त करंट भी नहीं दिख रहा कि जो मोदी विरोधी करंट को डीसी से एसी करंट में तब्दील कर दे। दूसरी तरफ भाजपा के एनडीए गठबंधन में संख्या के लिहाज से राजनीतिक दल ज्यादा यानी 41 हैं, लेकिन इनमें भाजपा के अलावा कोई पार्टी ऐसी नहीं है, जो अपने दम पर 20 से ज्यादा सीटें निकाल पाए। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि अव्वल तो भाजपा ने आंध्र प्रदेश को छोड़कर सभी जगह ज्यादातर सीटें अपने खाते में रखी हैं। ऐसे में अगर भाजपा का इंजन अपने ही यार्ड में फेल हो गया तो एनडीए की गाड़ी मैजिक नंबर के आउटर पर जाकर अटक जाएगी। हालांकि ऐसा होने की संभावना कम है। इस चुनाव में कोई आंधी भले नजर न आए, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई, विकास, किसानों की नाराजी, सड़क पानी बिजली, जातिवाद, आरक्षण, भ्रष्टाचार और गलत प्रत्याशी चयन आदि मुद्दे यथावत हैं। इन मुद्दों को मोदी और राम मंदिर फैक्टर किस स्तर तक काउंटर कर पाते हैं, उसी से काफी कुछ चुनाव नतीजे तय होंगे। उधर बाजार के संकेत भी उतार चढ़ाव भरे हैं। चुनाव में चरण दर चरण अनिश्चितता बढ़ रही है। अमूमन सामान्य मतदाता भी इतना तो समझता ही है कि ये लोकसभा चुनाव देश की सरकार के लिए हो रहे हैं, ऐसे में उसके निजी दुख दर्द के अनुपात में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर वोट ज्यादा करने की संभावना है। ऐसा विवेक वोटर ने हर चुनाव में दिखाया भी है। गठबंधन सरकारों के काम काज, मजबूरियों, अंतर्विरोधों और उससे पैदा होने वाली राजनीतिक अराजकता को भी उसने देखा है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का थोड़ा बहुत अहसास उसे भी है। राष्ट्रहित का अंदाजा उसे भी है। लिहाजा वोटर जो भी जनादेश देगा, अपने विवेक से देगा। वह अनपढ़ हो सकता है, नासमझ नहीं है। हमे उसके विवेक पर भरोसा करना चाहिए।

# महिलाओं द्वारा अंगदान- त्याग या विवशता



एन के त्रिपाठी

संवेदनशील एवं प्रबुद्ध नागरिकों के लिए यह जानकारी चौंकाने वाली हो सकती है कि भारत में महिलाओं की जीवन रक्षक प्रत्यारोपण के लिए होने वाले अंगदान में भागीदारी 80त्न होती है। पुरुषों द्वारा इसका केवल एक चौथाई अर्थात् 20त्न अंगदान ही किया जाता है। विडंबना यह है कि अपने प्राण बचाने के लिए अंग प्राप्त करने वाले लोगों में 80त्न पुरुष होते है। इन आंकड़ों से आश्चर्य करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जन्म से लेकर मृत्यु तक हर बात में महिलाओं के साथ भेदभाव और अत्याचार होता रहता है। यह अत्याचार समाज के लिए प्राचीन काल से ही एक सामान्य और स्वाभाविक बात रही है और समाज इस पर कोई विशेष महत्व नहीं देता रहा है।



आधुनिक मेडिकल क्रांति के प्रसार के कारण अनेक बीमारियों के लिए अंगदान प्रारंभ हुआ है। अंगदान की इस आधुनिक प्रक्रिया में भी भारतीय समाज की पुरातन पुरुषवादी सोच की मलिनता सम्मिलित हो गयी है। किडनी सहित कुछ अन्य अंगों के लिए पत्नी द्वारा अंगदान करना लगभग अनिवार्य हैं। इसमें उसकी सहमति मान कर चला जाता है। आवश्यकता पड़ने पर माता अथवा बेटी द्वारा भी अंगदान के प्रकरण अस्पताल में दिखाई पड़ते हैं। परिवार के पुरुष को अंग की आवश्यकता होने पर महिलाओं पर अंगदान करने के लिए मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक दबाव भी बनाया जाता है। परन्तु महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर परिवार के पुरुषों द्वारा अंगदान करने में आनाकानी की जाती है और वे बाहर से इसकी व्यवस्था करने का प्रयास करते हैं।

अनेक ज़रूरतमंद महिलाओं को तो भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है।

अभी हाल में मध्य प्रदेश में एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें एक महिला अपने भाई को अंगदान करना चाहती थी। आश्चर्यजनक रूप से बिना कोई क़ानून होते हुए भी अस्पताल द्वारा उस महिला से उसके पति की लिखित सहमति प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। पति ने सहमति देने से इंकार कर दिया। अस्पतालों में जहाँ शायद ही किसी अन्य क़ानूनों का पालन होता हो, वहाँ अस्पताल द्वारा कोई क़ानून न होते हुए भी पति की सहमति प्राप्त करने की इतनी हठधर्मिता करना केवल पुरुषवादी सोच का परिणाम है। परिवार की महिलाओं को अंगदान करने के लिये विवश किया जाता है परन्तु वह स्वयं अपनी इच्छा से किसी अन्य को अंगदान नहीं कर सकती है। जो महिला अपने भाई के लिये अंगदान करना चाहती थी उसके साहस की सराहना करनी होगी कि वह मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में मामला लेकर गई। हाईकोर्ट ने उस अस्पताल को फटकार लगायी और तब जाकर वह महिला अपने भाई को अंगदान कर सकी।

अंगदान करना एक उच्च मानवीय कृत्य है। परन्तु महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध अंगदान करने के लिए विवश करना उचित नहीं है। साथ ही उसकी किसी अन्य को अंगदान करने पर रोक लगाने की कार्रवाई भी उचित नहीं है।

परिवार के पुरुषों को भी अंगदान करने के लिए आगे आना चाहिए। महिलाओं की तुलना में पुरुष भय के कारण परेशानियों से दूर रहना चाहते हैं और इसी लिए पुरुष के लिये परिवार नियोजन जैसे ऑपरेशन आसान है, परंतु वह महिलाओं के लिए अपेक्षाकृत कठिन परिवार नियोजन ऑपरेशन के लिए पत्नी को विवश करता है। सामाजिक और पारिवारिक सोच में सार्थक परिवर्तन लाया जाना आवश्यक है।

# दिल का फैसला, दिल्ली का बढ़ेगा हौसला

**सरयूसुत मिश्रा**

इधर चुनावी वेव थमती जा रही है, तो उधर हीट वेव बढ़ती जा रही है. पांच चरणों के बाद दिल्ली की सरकार का फैसला अब श्वङ्क्रूमें कैद हो चुका है. बचे दो चरणों में 115 सीटों पर मतदान होना है, लेकिन अब तक जो मतदान हो चुका है, उससे ही नई सरकार का रास्ता साफ हो गया है.

दो चरणों की सीटों के नतीजे तो बहुमत को मजबूत करेंगे, सरकार के स्थायित्व को मजबूत करेंगे, सपने पूरे करने के इरादों को मजबूत करेंगे. इतने लंबे प्रचार अभियान में लगे राजनेता तो थक ही गए हैं लेकिन जनता भी राजनीति की कलाबाजियों से ऊब गई है. तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान का प्रतिशत अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पाया. अब तक जिन मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग कर लिया है वह नतीजे पर चर्चा कर रहे हैं. तो जहां मतदान होना है वह बाकी देश के दिल की बात समझने की कोशिश कर रहे हैं.

यह लोकसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पहले नतीजों को लेकर वोटर क्लियर थे. चुनाव के मुद्दे भी क्लियर थे. वर्डिक्ट भी क्लियर ही था. चुनाव की शुरुआत से विजडम ऑफ़ क्राउड जिस नतीजे पर थी, लगभग वही नतीजा चार जून को सामने आएगा. पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में एनडीए सरकार की वापसी लगभग सुनिश्चित है. डिस्कशन हार जीत पर नहीं है बल्कि चर्चा तो सीटों की संख्या पर है. देश के दिल का फैसला दिल्ली के हुक्मरानों का हौसला बढ़ाएगी, राजनीतिक अनुमान यही कह रहे हैं कि एनडीए की हैट्रिक लगेगी और जीत पहले की जीत से ज्यादा रनों से होगी. विपक्ष का सिनेरियो 2019 जैसा ही दिखाई पड़ रहा है.कोई बड़ा उलटफेर दिखाई नहीं पड़ रहा है.

लोकसभा का यह पूरा चुनाव मोदी वर्सेस मोदी केंद्रित रहा है. पीएम मोदी जहां अपनी उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सफल रहे हैं. वहीं विपक्षी गठबंधन अपना एजेंडा स्थापित भी नहीं कर पाया है. विपक्षी दलों ने लोकतंत्र और संविधान को खतरे में बताने के साथ ही आरक्षण खत्म करने का जो भय पैदा किया, उस पर देश के लोगों ने विश्वास नहीं किया. जातिगत जनगणना का वायदा भी विपक्ष के लिए वाटरलू साबित हुआ है. महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों को विपक्ष स्थापित करने में असफल रहा है.

पीएम नरेंद्र मोदी के विकल्प के रूप में ना तो कोई नेतृत्व विपक्ष पेश कर सका है और ना ही कोई रचनात्मक नीतियां अथवा कार्यक्रम सामने ला सका. यह लोकसभा चुनाव कमजोर विकल्प का भी उदाहरण बनेगा. विपक्षी दलों ने जमीनी हकीकत से ज्यादा सोशल मीडिया की चकाचौंध पर भरोसा किया. मीडिया भी पूरी तौर से मोदी समर्थक और मोदी विरोध में विभाजित दिखाई पड़ा. जो मीडिया निष्पक्ष भी था उसे भी विपक्षी दल के नेताओं ने चुनावी अभियान में गोदी मीडिया साबित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी. गवर्नेंस के मुद्दे पर भी विपक्षी गठबंधन पीछे दिखाई पड़ता है. करप्शन के मामले चुनावी मुद्दे के रूप में ताकत से सामने आए. विपक्षी गठबंधन के दो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दे के रूप में हवा को आंधी में बदला है.




लोकसभा चुनाव बीजेपी की लीडरशिप में एनडीए गठबंधन और कांग्रेस की लीडरशिप में ढ्ढ.ह्य.ष्ठ.ढ्ढ . गठबंधन के बीच में हो रहा है. गठबंधन के इस समीकरण में भी बीजेपी काफी आगे दिख रही है. विपक्षी गठबंधन का ना तो कोई कामन मिनीमम प्रोग्राम आ सका. ना ही पूरे देश में सीटों का बंटवारा हो सका. पश्चिम बंगाल में तो टीएमसी अलग चुनाव लड़ रही है. आम आदमी पार्टी दिल्ली और हरियाणा में तो कांग्रेस के गठबंधन के साथ है, और पंजाब में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ रही है. कई क्षेत्रीय दल दोनों गठबंधनों के साथ नहीं है. उत्तर प्रदेश में बीएसपी अलग चुनाव लड़ रही है. इसके कारण भी एनडीए गठबंधन फायदे में दिख रहा है. आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में भी त्रिकोणीय लड़ाई है.

चुनावी नतीजे की चर्चा चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पहले से ही चलू हो गई.बड़ी राजनीतिक सूझबूझ से पीएम मोदी ने नतीजे के गोल पोस्ट को 272 से बढ़कर 370 और 400 पर स्थापित कर दिया है. सरकार बनाने के लिए 272 सीटें पर्याप्त हैं. कोई भी राजनीतिक दल या राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, कि सरकार किसकी बनेगी! बल्कि चर्चा इस बात की हो रही है,कि बीजेपी एनडीए 400 पार पहुंचेगा या नहीं.

देश का जो मूड दिखाई पड़ रहा है वह उत्तर और दक्षिण में थोड़ा अलग-अलग है. पूर्व और पश्चिम में भी चुनावी मूड में परिवर्तन है. इसके बावजूद यह स्पष्टता के साथ दिखाई पड़ रहा है, कि बीजेपी और एनडीए गठबंधन अपने वर्चस्व के पश्चिम और उत्तर भारत के इलाकों में बिना किसी खास उलट फेर के अपनी 2019 की स्थितियों को कायम रखने में सफल हो सकती है. जहां तक पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के राज्यों का सवाल है, इतना तो निश्चित दिखाई पड़ रहा है, कि एनडीए को इन राज्यों में 2019 की तुलना में लाभ होना तय है.

उड़ीसा, बंगाल, असम, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में बीजेपी की सीटें और वोट प्रतिशत बढ़ने की पूरी संभावना है. इन राज्यों में जितनी सीटों का बीजेपी को फायदा होगा, उतनी ही उनकी अंतिम टैली बढ़ेगी. यह बात तो क्लियर है, कि 2019 की सीटों से ऊपर ही बीजेपी रहेगी. पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के राज्यों में सीटों की संख्या अगर अप्रत्याशित रूप से बढ़ती है? तो फिर चुनाव नतीजे एक तरफा भी हो सकते हैं. पश्चिमी और उत्तर भारत में गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब जैसे राज्यों में पहले ही भाजपा के पास अच्छी सीटें हैं.

तमाम राजनीतिक अनुमान भी इन राज्यों में बीजेपी को बहुत अधिक नुकसान की आशंका नहीं बता रहे हैं. अगर इन राज्यों में कोई फेरबदल होता है तो वह इकाई में ही रहेगा. पूरे प्रचार अभियान में किसी भी राज्य में पीएम नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कोई गुस्सा नहीं देखा गया है. कुछ मुद्दों पर अगर कोई नाराजगी देखी गई है, तो आम जनता में यही बात सामने आई है, कि विकल्प क्या है? अगर मोदी को नहीं चुनना है तो किसको चुनना है?

विपक्ष विकल्प के रूप मेअपने गठबंधन को स्थापित ही नहीं कर पाया. विपक्षी गठबंधन का पूरा दारोमदार अल्पसंख्यक, विशेष कर मुसलमान और दलीय नेताओं की जातियों पर निर्भर कर रहा है. जहां तक कांग्रेस का सवाल है, कांग्रेस को कोई भी फायदा होता दिखाई नहीं पड़ रहा है. कांग्रेस अगर अपनी पुरानी टैली को ही मेंटेन कर ले, तो वह इसके लिए उपलब्धि ही मानी जाएगी.

दशकों बाद भारत खंडित राजनीति से बाहर निकला है. देश ने एक मजबूत सरकार और मजबूत नेता के असर को देखा है. राष्ट्रवाद की मजबूती और उसमें आया निखार, विश्वव्यापी सम्मान के रूप में मजबूत हुआ है. इसके साथ ही पुरानी सरकारों और पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कामकाज की तुलना का भी अवसर देश को मिला है. लोकतंत्र की परिपक्वता भी निरंतर बढ़ती जा रही है.

राजनीतिक सामंतशाही धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है. राजनीतिक घराने और परिवार अपनी चमक खोते जा रहे हैं. लोकतंत्र का सही स्वरूप निखर रहा है. यह लोकसभा चुनाव यह साबित करेगा, कि भारत में जातिवाद टूट रहा है. संप्रदायवाद भी कमजोर हो रहा है. राजनीतिक अल्पसंख्यकवाद भी बिखर रहा है. राजनीतिक घरानेबाजी का अब कोई भविष्य नहीं है. राजनीति में सेवा और समर्पण को ही सम्मान मिलेगा. देश के दिल का फैसला न केवल दिल्ली का हौसला बढ़ाएगी बल्कि भारत का विश्व में स्वाभिमान को आगे ले जाएगा.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भरे रहने से आये दिन हो रहे रेलवे ट्रैक पर हादसे, सप्ताह भर में दूसरी मौत हुई

**ओबैदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट)।** औबेदुल्लागंज रेलवे पटरी पर सप्ताह भर में दूसरी मृत्यु हो गई है। रेलवे पटरी पर अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से कटने से मौत रेलवे लाइन खंबा क्रमांक 801 औबेदुल्लागंज रेहटी रोड फाटक के पास रात्रि अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई है। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार आये दिन होती है। यहां रेलवे विभाग की बड़ी लापरवाही अंडर ब्रिज बना हुआ लेकिन उसमें सालभर पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को रेलवे लाइन पार करके अर्जुन नगर हिरानिया जाना होता है। किसी बढ़े हादसे के इंतजार में प्रशासन अर्जुन नगर अंडर ब्रिज कहते हैं। प्रशासन दो ही समय में सक्रिय दिखाई देता है। अर्जुन नगर अंडर ब्रिज रेलवे से निकलने बाले इस नगर मार्ग पर जो सिर्फ वार्ड नंबर 10/11/12 के लोगों के निकलने के लिए बनाया गया है उसमें गन्दा पानी भरा रहता है। आज यह मार्ग दारू, गांजा आदि कार्य किये जाते हैं। स्थानीय रहवासियों का रहना दूभर हो गया है। ऊक्त बात की शासन-प्रशासन को शिकायत की जा चुकी है पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।





## नपा दमकल ने 6 मिनट में मिनट में पहुंचकर बुझाई आग, नपा का मॉकड्रिल

**नर्मदापुरम।** इटारसी तुलसी चौक जवाहर बाजार की गली में एक किराना दुकान में आग की सूचना पर नपा के फायर सेक्शन ने महज छह मिनट में दमकल को मौके पर पहुंचाकर आग बुझाने में सफलता प्राप्त कि। दुकानदार ने सूचना डॉयल-100, पुलिस कंट्रोल रूम, पर भी फोन लगाया गया उसके बाद कंट्रोल रूम से तीन बार फोन दीपक किराना संचालक को लगाया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया उसके बाद 6¬51 पर उनके द्वारा फोन रिसीव किया गया जिसमें सूचना दी गई की आग बुझ चुकी है। संकरी गली होने से दमकल अंदर नहीं सकी ओर दुकान तक किसी तरह से केवल पाइप के सहारे से पानी की बौछार की गई।दुकानों के बाहर बने लम्बे लम्बे शेड से दमकल घटना स्थल तक नहीं जा सकी। दीपक किराना स्टोर के संचालक ने दोनों जगह फोन लगाया था।

दरअसल, यह फायर मॉकड्रिल थी। इस दौरान एसडीएम टी प्रतीक राव के साथ तहसीलदार सुनीता साहनी, सीएमओ ऋतु मेहरा एवं नपा कर्मचारी मौजूद थे।इस संबंध में एसडीएम टी प्रतीक राव कहा कि हम यह जानना चाहते थे कि आखिर इस तरह की आकस्मिक घटना पर कौन कितनी देर में पहुंचता है। दुकान मालिक से ही फायर स्टेशन 6¬40 बजे कॉल कराया था, छह मिनट में दमकल आ गयी। जो स्थान चिह्नित था, अतिक्रमण के कारण गली संकरी थी, दमकल नहीं जा सकी, केवल पाइप ले जा सके। इससे आगामी समय में इस तरह की घटनाओं पर तत्काल मदद की तैयारियां कैसे करें, इसका एक आईडिया मिलता है। भविष्य में अग्नि दुर्घटना होने पर कैसे कार्यवाही की जाकर घटना को रोका जाये, ऐसी रूपरेखा तैयार की जाएगी। दीपक किराना के मालिक पंकज अग्रवाल के सहयोग के लिए प्रशासन उनकी सराहना कि द्य

## रोहित उर्फ नन्हेलाल के विरुद्ध एफआईआर, आरक्षक को किया लाइन अटैच

### दमोह अस्पताल के वायरल वीडियो के मामले में की कड़ी कार्रवाई

**दमोह।** दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला अस्पताल के वायरल वीडियो के मामले में जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की गयी है। जिला अस्पताल में 28 एवं 29 अप्रैल की मध्य रात्रि को मरीज भुवानी प्रसाद साहू के साथ हुई अमानवीय घटना पर संबंधित आरोपी रोहित उर्फ नन्हेलाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी है। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा इस प्रकरण में पदेन कर्त्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं करने के लिये प्रधान आरक्षक नीरज श्रीवास्तव को लाइन अटैच किया गया है।

## यदि जनहित की मांग करना जुर्म है तो यह जुर्म बार बार करूंगा पुष्पराजसिंह पटैल

**सांध्य प्रकाश संवाददाता सोहागपुर।** यदि जनहित की मांग करना जुर्म है। तो यह जुर्म बार बार करूंगा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराजसिंह पटैल उक्त उद्गार सांध्य प्रकाश संवाददाता से करते हुए कहे। उल्लेखनीय है विगत दिवस श्री पटैल ने अंबेडकर वार्ड में पानी की समस्या को लेकर अंबेडकर वार्ड पार्षद एवं महिलाओं के साथ मटकों में साबरमती बनने वाली पलकमती नदी में मिलने वाले गंदे नालों का पानी नदी से भरकर विरोध जताया था ?। वहीं नगर पंचायत परिषद कार्यालय में महिलाओं सहित नेताओं ने मटके फोड़ दिया थे। इसी सिलसिले में नगरपालिका अधिकारी जीएस राजपूत ने पुलिस थाने शासकीय कार्य में बांधा डालने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराजसिंह पटैल एवं अंबेडकर वार्ड पार्षद पति एवं पूर्व पार्षद मोहन कहार पर मामला दर्ज कराया है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस अवसर पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय,कई कांग्रेसी पार्षद, नेता गणों के अलावा भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। इस संबंध पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने बताया कि उक्त मामला दर्ज कराना राजनैतिक विद्वेशता का परिणाम है। यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व पार्षद मोहन कहार की पत्नी अंबेडकर वार्ड पार्षद ने नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव को न्यायालय में चुनौती दी हुई है। कि बगैर ब्लड रिलेशन के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के नियमों को तिलांजलि देकर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में मतदान किया था। चर्चा यही है कि येन-केन तरीकों से पूर्व पार्षद मोहन कहार पर दबाव बनाया जाता है। ताकि न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण वापिस ले लें।ज्ञातव्य है विगत दिवस कांग्रेस ने नगर में अस्त-व्यस्त बिजली की व्यवस्था एवं अंबेडकर वार्ड में पानी की समस्या को लेकर अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र रावत को समस्याओं से अवगत कराते ज्ञापन सौंपा था। बाद में मटके नगर पंचायत परिषद कार्यालय में फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया था।

## कॉस्ट्यूम ज्वैलरी उद्यमी में महिलाओं ने की दक्षता हासिल

### कलेक्टर के निर्देशन में स्वरोजगार से जोड़ने महिलाओं को दी जा रही ट्रेनिंग

**छतरपुर।** महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले की युवतियों एवं महिलाओं को लगातार अलग अलग ट्रेड में ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे महिलाएं अपना खुद का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए दक्ष बन रहीं हैं। आरसेटी नौगांव में 8 दिवसीय 13 से 21 मई 2024 तक कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी का प्रशिक्षण दिया गया। यहां प्रतिभागियों ने आभूषणों को बनाना सीखा। इस दौरान प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना में ग्रामीण स्वरोजगार की भूमिका के बारे में बताया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा शासकीय ऋण योजना, सिविल रिपोर्ट, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपाय इत्यादि के बारे में बताया गया। कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के सीनियर फैकल्टी शैलेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## 26 मई को लोकसभा चुनाव मतगणना के लिए प्रशिक्षण का आयोजन होगा

### एआरओ, मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर लेंगे प्रशिक्षण

**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 मतगणना कार्य को सम्पन्न कराने के लिए एआरओ, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का 26 मई 2024 को प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण दो पारियों में आयोजित होगा। प्रथम पारी में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 छतरपुर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स को नियुक्त किया गया है।

## क्षत्रिय राठौर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 25 जोड़े बंधें विवाह सूत्र में




**शाजापुर।** सकल पंच क्षत्रिय राठौर समाज शाजापुर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन लालघाटी स्थित दुर्गा गार्डन पर किया गया। जानकारी देते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राजा राठौर ने बताया कि इस वर्ष 25 जोड़े विवाह बंधन में बंधें। विवाह के लियेवर वधू का आगमन सोमवार सुबह से आना प्रारंभ हो गया था। मुख्य कार्यक्रम। दोपहर 3 बजे तक चला।विवाह समिति के अध्यक्ष अशोक राठौर एमपीबी ने बताया कि चिलचिलाती दोपहर में भी लगभग 7 हजार से ज्यादा समाज जनो ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन समाजजन के आपसी सहयोग से संपादित किया गया। विवाह के दौरान समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रतनसिग राठौर ने वर वधू को आश्रीवाद प्रदान किए।

**मेरिट में आए छात्र-छात्राओं का भी किया गया सम्मान-** विवाह सम्मेलन में इस बार जो छात्र-छात्राएं 80त्न से उत्तीर्ण हुए हैं ऐसे छात्र-छात्राओं का सम्मान भी समाजजन द्वारा किया गया। मंच पर शाजापुर राठौर समाज के अध्यक्ष अनोखी लाल राठौर सहित वरिष्ठ जन मौजूद थे।

**लगभग सात हजार से अधिक समाजजन हुवे एकत्रित -** प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समिति के उक्त आयोजन में इस बार भी इंदौर, उज्जैन, आगर, देवास, राजगढ़ जिले के साथ ही आसपास के क्षेत्र से लगभग सात हजार से ज्यादा समाज जन इस ऐतिहासिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। आयोजन में समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी के साथ राठौर समाज के प्रदेश प्रभारी भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष रतन सिंह राठौर, आगर भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, नलखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम राठौर भी उपस्थिति थे।कार्यक्रम को सफल बनाने शाजापुर सकल पंच राठौर समाज और सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति शाजापुर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## थाना बिछिया पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपियों से 19 मोबाइल किये गये जब्त



**मण्डला।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ब्रजेश उईके पिता मुन्नालाल उईके उम्र 33 साल नि0 धनगांव द्वारा थाना बिछिया में दिनांक 26.03.24 की दरमियानी रात प्रार्थी की दुकान नमामि कम्प्यूटर ग्राम घुटास से अज्ञात चोरो ने दुकान मे रखे नये पुरानी मोबाइल फोन चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बिछिया मे अपराध कमांक 99/24 धारा 457, 380 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चोरो एवं चोरी गये मोबाइल फोन की तलाश हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग बिछिया के निर्देशन में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में थाना बिछिया की टीम गठित कर सायबर सेल मण्डला की टीम को भी प्रकरण में चोरी गये मोबाइल की तलाश हेतु निर्देशित किया गया। मामले में अज्ञात चोरो के संबंध में लगातार तलाश पताशाजी की जा रही थी। तलाश के दौरान सायबर सेल से प्राप्त जानकारी एवं मुखबिर की सूचना पर से आरोपी उदित भाषंत पिता आनंदी भाषंत उम्र 21 साल नि0 रमतिला थाना मवई व अमन महंत पिता देवेन्द्रदास महंत उम्र 23 साल नि0 ग्राम घुटास थाना बिछिया कब्जे से चोरी किये गये नये व पुराने कुल 19 एंड्रायड मोबाइल कीमती 84 हजार रूपये के जब्त किये गये। इस जांच एवं आरोपियों को गिरफ्तार की जाने वाली इस कार्रवाई में पुलिस की विशेष भूमिका के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी व मोबाइल फोन रिकवरी में निरीक्षक धमेंद्र धुर्वे, उपनिरीक्षक जगदीश कुमार पन्द्रो, आर रजनीकांत, संजय कटरे, धनेश, महेंद्र रहंगडाले, नवीन थाना बिछिया सायबर सेल मंडला टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कलेक्टर के निर्देशन में दूरस्थ क्षेत्र बकस्वाहा और लवकुशनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

### रोड के दोनों तरफ हटाया गया अतिक्रमण, आवागमन होगा और भी सुगम

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा राजस्व समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में बुधवार को दूरस्थ क्षेत्र बक्सवाहा में बाजना रोड वार्ड नंबर 13 एवं 14 अंतर्गत रोड किनारे अतिक्रमण करते हुए रोड के दोनों तरफ रखी गईं गुमटियों को नगर परिषद की टीम द्वारा हटाया गया। साथ ही रहवासियों द्वारा घरों के बाहर टीन सेड और रखे पत्थरों को हटाने की कार्यवाही की गई। इससे आमजन का आवागमन और सुगम हो सकेगा। साथ ही लोगों को समझाइश देते हुए कहा गया की दोबारा अतिक्रमण नहीं करें, नहीं तो संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में लवकुशनगर में राजस्व एवं नगरीय निकाय द्वारा संयुक्त रूप से दुकानों के बाहर का अतिक्रमण, टीन सेड एवं सड़क के दोनो ओर के अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया।

## खनिज विभाग ने किया तीन ओव्हरलोड डम्फर जप्त

**मंडला।** जिले में रेत उत्खनन तथा खनिजों की अवैध उत्खनन एवं परिवहन तेजी से चल रहा है,खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा खनिज रेत के तीन वाहन डम्फर क्रमांक एमपी 04 एचई 9662, डम्फर क्रमांक एमपी 20 जेडएच 7866 एवं डम्फर क्रमांक एमपी 20 जेडएल 9186 को खनिज विभाग द्वारा ओव्हरलोड परिवहन करते हुये जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहनों को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना टिकरिया एवं थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूद्ध म0प्र0 खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।



## शहर में लगे कैमरों को सुधारने चल रही प्रक्रिया

**विदिशा।** पुलिस द्वारा सुरक्षा के लिहाज से और अपराधियों की धर पकड़ करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए थे जो पुलिस लाइन कंट्रोल रूम में निगरानी में रहते हैं। शहर में लगभग 183 कैमरे लगे हुए हैं जिनमें से कुछ कैमरे बंद भी हैं, जिससे अपराध पर अंकुश आसानी से नहीं लग पा रहा। वहीं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह का कहना है कि 183 कैमरे में से 147 कैमरे काम कर रहे हैं, 33 कैमरों की रिपेयरिंग का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।

### भूल सुधार

दैनिक सांध्यप्रकाश के बुधवार 22 मार्च के अंक में प्रथम पृष्ठ पर भूल से दिनांक एवं अंक नंबर गलत प्रकाशित हो गया है। बुधवार 22 मार्च को अंक नंबर 279 था। भूल के लिए खेद है।

### शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने की बैठक

## दुकानदार सफाई में सहयोग न करें तो करें चालान

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।**

बुधवार शाम को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एडीएम अनिल डामोर ने नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें शहर को साफ-स्वच्छ बनाने और बारिश के पूर्व नाले, नालियों को साफ करने के संबंध में निर्देश दिए। पांडे कालोनी के नाले को देखने भी पहुंचे।



विदिशा शहर के मुख्य बाजार में सभी दुकानदारों को निर्देश दें कि वह रात में दुकान का कचरा सड़क पर न फेंके। दिनभर के कचरे को दुकान में डस्टबिन रखकर उसमें रखें और नपा के टिपिन वाहन में उसे डम्प करें। इस बात की सूचना जारी करने के बाद भी यदि कोई दुकानदार सफाई में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाए। यह निर्देश बुधवार शाम विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बसस्टैण्ड स्थित नपा के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सीएमओ को दिए। इस बैठक में एडीएम अनिल डामोर, नपा सीएमओ धीरज शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, असि. इंजीनियर के अलावा नपा के पांचों इंजीनियर, सफाई दरोगा और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बारिश के पूर्व शहर के सभी नाली, नालों को विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करने और पानी के रूकावट को दूर करने के संबंध में निर्देशित किया। बताया गया कि बारिश का पानी नियमित रूप से न निकलने की मुख्य वजह नाली और नालों का चॉक होना है। इसलिए इसकी सफाई पर ज्यादा जोर दिया गया। बैठक के बाद सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि पांडे कालोनी स्थित नाले का निरीक्षण करने भी पहुंचे।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए मुख्य बाजार में दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की गई है। सीएमओ को कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों में डस्टबिन रखे, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जाए। अधिकांश देखा जाता है कि रात में दुकान बंद करने से पहले दुकानदार दिनभर में एकत्रित हुए कचरे को सड़क पर ही फेंक देते हैं। सड़क पर फेंकने की बजाय उन्हें नपा के टिपिन वाहन में कचरा रखने को कहा जाए। समझाइश के बाद भी यदि दुकानदार न माने तो सख्ती से चालानी कार्यवाही की जाए।

## पर्यावरण को बचाने छात्रों की अनोखी पहल



**सांध्य प्रकाश, विदिशा।**

अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कालेज के छात्रों ने आईपीएल की तर्ज पर एचपीएल हॉस्टल प्रीमियम लीग की शुरूआत की है। जिसका शुभारंभ डीन डॉ. मनीष निगम ने किया। खास बात यह है कि इस टूर्नामेंट के दौरान जितने भी सिक्स और फोर लगाए जाएंगे, उतने ही छात्रों द्वारा पौधे परिसर और नगर में लगाए जाएंगे। इस टूर्नामेंट का समापन 5 जून पर्यावरण दिवस पर किया जाएगा। डीन डॉ. मनीष निगम ने छात्रों को बताया कि प्रतिदिन सुबह योग और व्यायाम के लिए कॉलेज कैंपस में ट्रेनर उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे छात्र फिटनेस पर ध्यान दे सकें।

## सोशल मीडिया से








OUR PREDICTION CAME TRUE

WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

**Justice Sheel Nagu not moved as CJ Punjab and Haryana HC and appointed acting CJ of MP HC**

**(WE SAID THIS ON MARCH 29, 2024)**
**Justice Sheel Nagu unlikely to be CJ of Punjab & Haryana HC?**
Judicial sources said that Justice Sheel Nagu of the MP High Court is now unlikely to move as Chief Justice of the Punjab and Haryana High Court.

**(WE SAID THIS ON MARCH 29, 2024)**
**Will Justice Sachdeva be acting CJ of MP High Court?**
Whisper has it that Justice Sanjeev Sachdeva of Delhi High Court is likely to be the acting Chief Justice of the Madhya Pradesh High Court after the retirement of Justice Ravi Malimath. One judicial circle is of the opinion that Justice Sheel Nagu may be the acting CJ. Since Justice Nagu is senior to Justice Sachdeva.

**(WE SAID THIS ON MAY 7, 2024)**
**Who will be CJ of MP High Court on May 24?**
Who will be the new Chief Justice of Madhya Pradesh High Court after the superannuation of Justice Ravi Malimath on May 24? Logically being senior most Judge Justice Sheel Nagu should become the CJ, in case he is moved to some other High Court as CJ then Justice Sanjeev Sachdeva will be the new acting CJ.

## रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर: RKMP भोपाल सहित सभी स्टेशन होंगे कैशलेस, भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 15 जून को होगी रवाना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल सहित अन्य स्टेशनों से यात्रा करने वाले रेलवे यात्रियों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। रानी कमलापति (ऋय्स्क्क) भोपाल सहित सभी स्टेशन अब कैशलेस होंगे। रेलवे प्रशासन द्वारा टिकट का पेमेंट यूपीआई (क्ष्ठ) के जरिए करने का इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए सभी स्टेशनों पर स्क्रीन लगाकर क्यूआर (त्तक्र) कोड लगाए जाएंगे।



बता दें कि यात्रियों की सहूलियत के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड को एक प्रस्ताव भेजा गया है। ढाई महीने पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल स्टेशन से यह सुविधा शुरू की गई थी। स्टेशनों के यात्रियों का रिस्पांस मिलने के बाद इसे और आगे बढ़ाया जा रहा है। यह व्यवस्था भोपाल के अलावा अन्य स्टेशनों पर भी लागू होगी।

भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 15 जून को रानी कमलापति स?टेशन से रवाना होगी। ट्रेन मप्र के इंदौर, देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी। यह ट्रेन पुरी-गंगासागर काशी यात्रा और रामलला दर्शन के लिए रवाना होगी। आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चला रहा है। नवरात्रि के साथ सफर 10 दिनों का होगा।

## पोलो माइक्रो सिस्टम्स लि. ने चौथी तिमाही में शानदार नतीजे घोषित किए

**हैदराबाद एजेंसी।** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड (बीएसई: 540879, एनएसइ), कस्टम-बिल्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और असेंबली में एक पायनियर (अग्रणी), ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपनी आय की रिपोर्ट दी है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स वित्त वर्ष 24 में महत्वपूर्ण फाइनेंशियल ग्रोथ हासिल की है, जो मुख्य रूप से मज़बूत ऑर्डर एग्जीक्यूशन से प्रेरित थी। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही के लिए रेवेन्यू 1,354.37 मिलियन रुपये की बढ़त में था, जबकि फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में यह 1,068.46 मिलियन रुपये ही रहा, पूरे साल का रेवेन्यू वित्त वर्ष 23 में 2,975.26 मिलियन रुपये की तुलना में 3,716.34 मिलियन रुपये था जो 24.91 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर्शाता है।

## एचडीएफसी बैंक और प्रवेगा वेंचर्स ने को-लैब इनिशिएटिव के तहत दो स्टार्टअप का चयन किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक उद्यम पूंजी फर्म प्रवेगा वेंचर्स के सहयोग से आज अपनी को-लैब इनिशिएटिव के तहत दो इनोवेटिव स्टार्टअप के चयन की घोषणा की है। को-लैब कार्यक्रम के सह-मालिकों के रूप में बैंक और प्रवेगा वेंचर्स ने ऐसे स्टार्टअप की पहचान की है जो आधुनिक बैंकिंग चुनौतियों का समाधान करने और फिनटेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की असाधारण क्षमता प्रदर्शित करते हैं।को-लैब, एचडीएफसी बैंक और प्रवेगा वेंचर्स के बीच एक संयुक्त कार्यक्रम है।

# बचिए, फ़र्ज़ी समीक्षा बाज़ार से

**राकेश दुबे**

इन दिनों डिजिटल स्वरूप में सूचनाओं की बाढ़ ने खबरों और सूचनाओं के उपभोग करने के तरीके को भी मौलिक रूप से बदल दिया है और इससे यह पता करना ही मुश्किल हो गया है कि कौन सी जानकारी फर्जी है और कौन सी प्रामाणिक। देश में आम चुनाव अपने अंतिम पायदान पर है और ऐसे क़िस्सों की बाढ़ आई हुई है।आज जब दुनिया फर्जी खबरों से निपटने के लिए जूझ रही है, डिजिटलीकरण का एक और पहलू नियामकों और अन्य हितधारकों को परेशान कर रहा है, वह है ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर फर्जी ऑनलाइन समीक्षाओं की समस्या।

अब देश का उपभोक्ता मामलों का विभाग,उपभोक्ता समीक्षाओं के लिए गुणवत्ता मानकों और नियम-कायदों को लागू करने की तैयारी कर रहा है, डीसीए की सभी हितधारकों या साझेदारों के साथ हुई बैठक में शामिल ई-कॉमर्स कंपनियों ने भी सरकार की इस पहल का समर्थन किया है। प्रस्तावित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से संभवतः पूर्वग्रहों और पक्षपात के साथ उपभोक्ता समीक्षाओं को ऑनलाइन प्रकाशित करने, उनके संदेश को बदलने के लिए समीक्षाओं को संपादित करने या नकरात्मक समीक्षाओं को रोकने या हतोत्साहित करने से ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को रोका जा सकेगा।

उपभोक्ताओं के ऑनलाइन व्यवहार को तय करने में समीक्षाओं की अहम भूमिका होती है। दूसरे लोगों की सिफारिशों को पढ़ना किसी दुकान में जाकर उत्पादों के परीक्षण और आजमाने के डिजिटल समकक्ष जैसा ही लगता है। इस संदर्भ में, ऑनलाइन समीक्षाएं उन उत्पादों की गुणवत्ता को जानने के एक विकल्प की तरह काम करती हैं, जिन्हें हम भौतिक रूप से जाकर नहीं जांच पाते।

एक वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि ऑनलाइन समीक्षाएं पेश करने वाली वेबसाइटों के लिए कन्वर्जन रेट यानी विजिट करने वाले उपभोक्ता के ग्राहक बनने की दर स्पष्ट रूप से बढ़ सकती है।इसके अलावा, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर विचारों के खूब आदान-प्रदान को देखते हुए कारोबारी और ऑनलाइन खुदरा विक्रेता अपने उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं की राय की निगरानी करने में सक्षम हैं।

दूसरी तरफ, फर्जी और प्रायोजित समीक्षाएं उपभोक्ताओं को गलत खरीदारी का निर्णय लेने के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे बाजार के परिणाम विकृत हो जाते हैं। इससे ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्मों की विश्वसनीयता और भरोसे पर भी असर पड़ता है।

अक्सर फर्जी समीक्षाएं लिखने के लिए संदिग्ध यूजर्स और बॉट्स की सेवाएं ली जाती हैं ताकि किसी एक कंपनी या विक्रेता को फायदा हो। इंटरनेट पर सर्च रैंक एल्गोरिदम अक्सर ऑनलाइन समीक्षाओं पर निर्भर होते हैं, जिसकी वजह से किसी उत्पाद की दृश्यता और बिक्री पर असर पड़ता है।

यह विक्रेताओं के लिए अपने उत्पादों की रैंकिंग में हेरफेर के लिए एक मजबूत प्रोत्साहन है। हालांकि मध्यम अवधि में इस तरह की समीक्षाएं अक्सर बिक्री और राजस्व के आंकड़े को नुकसान पहुंचाती हैं क्योंकि आमतौर पर इनसे घटिया गुणवत्ता के उत्पादों को बढ़ावा मिलता है।

फर्जी समीक्षाओं की पहचान करने व उन्हें हटाने और उपभोक्ताओं का भरोसा बनाए रखने की इस निरंतर लड़ाई में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद लेना अनिवार्य हो गया है।सामग्री विश्लेषण के तरीके का इस्तेमाल कर एआई फर्जी समीक्षाओं की पहचान करने में मदद कर सकती है। भुगतान वाली समीक्षाओं को प्रकाशित करने और प्रचार सामग्री के बारे में पूरी तरह से खुलासे की जरूरत के बारे में भी नियम-कायदे बनाने चाहिए। सरकार के प्रस्तावित नियम-कायदों की सफलता अंततः इसके प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्त वर्ष 24 में 1,836 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

**मुंबई, एजेंसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज, 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपने परिणामों की घोषणा की, जिसमें सभी मैट्रिक्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है, और विकास के अपने सफर में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

वित्तवर्ष'24 के लिए बैंक का राजस्व 42 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,836 करोड़ हो गया, जबकि नेट प्रॉफिट 60 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 34.5 करोड़ रहा। बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 80.4 मिलियन हो गए, और ग्राहक जमा 50 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ 2,801 करोड़को पार कर गई। बैंक की सकल मर्चेंडाईज़ वैल्यू (जीएमवी) 2,550 बिलियन पर पहुँच गई।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्तवर्ष' 24 के राजस्व में काफी अच्छी तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि दर्ज की है। चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च'24) सबसे मजबूत तिमाही रही, जिसमें पिछली तिमाही के मुकाबले राजस्व 15 प्रतिशत क्रमवार बढ़कर 539 करोड़ हो गया। वित्तवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में बैंक ने बचत खाते के अधिग्रहण में काफी तेजी दर्ज की और अब इसके साथ प्रतिमाह 1 मिलियन नए ग्राहक जुड़ते हैं।



पिछले चार सालों में बैंक ने तेज वृद्धि की है, और राजस्व में बेहतरीन 40 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। आज, मार्च 2024 के आधार पर बैंक का वार्षिक राजस्व बढ़कर 2,400 करोड़ के सर्वोच्च बिंदु तक पहुँच गया है।

इनोवेशन की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने नए उत्पाद पेश किए हैं, जिनमें ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए ईको-फ्रेंडली डेबिट कार्ड, स्मार्टवॉच, आदि शामिल हैं। सुरक्षा और संरक्षा प्रस्तावों पर बैंक के महत्व के परिणामस्वरूप इसके सुरक्षित दैनिक लेन-देन खाते की पेशकश की मजबूत मांग रही रही है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ट्रांज़िट समाधानों में अग्रणी है, और पाँच मेट्रो के लिए एक्सक्लुसिव एक्वायरिंग एवं इश्युएंस पार्टनर के रूप में सेवाएं दे रहा है, तथा 100 से ज्यादा फास्टैग-इनेबल्ड पार्किंग साईट्स पर फास्टैग बेस्ड पार्किंग शुल्क कलेक्शन में मार्केट लीडर है।

अनुब्रता बिस्वास, एमडी एवं सीइओ एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''हमें एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लिए एक साल और मजबूत वृद्धि की घोषणा करने की खुशी है। हमारी मजबूत फाईनेंशल परफॉर्मेंस से ग्राहकों और पार्टनर्स द्वारा हमारे ऊपर किया गया भरोसा और विश्वास प्रदर्शित होता है। हमारी डिजिटल पेशकशों की स्थिर मांग और ग्राहक अधिग्रहण में तेजी के साथ हम हर भारतीय को सुरक्षित, सरल, और लाभकारी डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ हैं।''

## आईआईएम लखनऊ ने व्यापक पर्यावरणीय स्थिरता रिपोर्ट जारी की

**लखनऊ, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ( आईआईएमएल ) ने हाल ही में अपने लखनऊ और नोएडा दोनों परिसरों में संसाधन पदचिह्न और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक पर्यावरणीय स्थिरता रिपोर्ट आयोजित की। वर्ष 2023 के लिए आधार रेखा के रूप में किया गया मूल्यांकन न केवल इसके पारिस्थितिक पदचिह्न को कम करने के तरीकों की पहचान करने के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा, बल्कि जब पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से जागरूक सीखने की प्रक्रिया प्रदान करने की बात आती है तो सिद्धांत और व्यवहार में स्थिरता को एकीकृत करने के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के अवसर पर डिज़्नी+ हॉटस्टार ने एडवरटाईज़र्स को एक बेहतर सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म पेश किया

**मुंबई एजेंसी।** आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप, 2024 से ठीक पहले डिज़्नी+ हॉटस्टार अपना सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म वर्ज़न 2.0 लेकर आया है। इसकी शुरुआत अगस्त 2023 में एशिया कप और आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप, 2023 से पहले की गई थी, जो अब अपग्रेडेड वर्ज़न में 5 भाषाओं - इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में हर व्यावसायिक क्षेत्र और आकार के एडवरटाइज़र को एडवरटाइजिंग करने का सुगम व आसान अनुभव प्रदान कर रहा है।

## सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने 'डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड, ने देश के चुनिंदा स्कूलों में अपनी पहलह डिजाइन थिंकिंग एण्ड ट्रेनिंग वर्कशॉप की पेशकश की है। यह अनोखी पहल सैमसंग के 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' प्रोग्राम का हिस्सा है। यह 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' की रूपरेखा के माध्यम से विद्यार्थियों में जरूरी कौशल बढ़ाने पर फोकस करती है।

# केएफसी गर्मियों से राहत देने के लिए लाया है समर बेवरेजेस की नई रेंज

मुंबई, एजेंसी। पूरे देश में बढ़ते तापमान के साथ, हर कोई यही जानना चाहता है कि इस तपती गर्मी से राहत कैसे पायी जाए? केएफसी इंडिया इसका समाधान लेकर आया है ङ्क चार अद्वितीय ताजगीभारे बेवरेज, जो न केवल ठंडक देते हैं, बल्कि गर्मी को क्रश भी कर देते हैं। ये ठंडक भरे बेवरेज तपती गर्मी के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं।क्लासिक क्रश लाइम में इंडियन मसाला और नींबू के रस के शानदार मिश्रण है, जो पीते ही ठंडक प्रदान करता है।अगर आपको पुदीने का स्वाद पसंद है, तो वर्जिन मोहितो पीकर देखें, जिसमें ठंडे सोडा के साथ नींबू और पुदीना का मिश्रण है।अगला समर बेवरेज है मसाला पेप्सी, एक मसालेदार वर्जन है। इसके बाद है माउंटेन ड्यू मोहितो, जिसमें पुदीना और नींबू के एक टैंजी मिश्रण को ताजगीभरे माउंटेन ड्यू के साथ बनाया गया है।केवल 59 रुपये से शुरू होने वाले केएफसी के ये नए समर ड्रिंक गर्मियों की धूप से राहत देने के लिए उपयुक्त हैं।इसलिए इंतजार ना करें। अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट में जाएं और गर्मी से राहत पाएं। डाइन-इन और टेकअवे द्वारा चारों बेवरेजेस का आनंद लें।पूरे देश में बढ़ते तापमान के साथ, हर कोई यही जानना चाहता है कि इस तपती गर्मी से राहत कैसे पायी जाए? केएफसी इंडिया इसका समाधान लेकर आया है ङ्क चार अद्वितीय ताजगीभारे बेवरेज, जो न केवल ठंडक देते हैं, बल्कि गर्मी को क्रश भी कर देते हैं। ये ठंडक भरे बेवरेज तपती गर्मी के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं।क्लासिक क्रश लाइम में इंडियन मसाला और नींबू के रस के शानदार मिश्रण है, जो पीते ही ठंडक प्रदान करता है।अगर आपको पुदीने का स्वाद पसंद है, तो वर्जिन मोहितो पीकर देखें, जिसमें ठंडे सोडा के साथ नींबू और पुदीना का मिश्रण है।अगला समर बेवरेज है मसाला पेप्सी, एक मसालेदार वर्जन है। इसके बाद है माउंटेन ड्यू मोहितो, जिसमें पुदीना और नींबू के एक टैंजी मिश्रण को ताजगीभरे माउंटेन ड्यू के साथ बनाया गया है। केवल 59 रुपये से शुरू होने वाले केएफसी के ये नए समर ड्रिंक गर्मियों की धूप से राहत देने के लिए उपयुक्त हैं।

# टीडीके कॉरपोरेशन जीडीसी के साथ साझेदारी में 'टीआईआईसी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम 2024' शुरू करेगा

**चेन्नई, एजेंसी।** टीडीके कॉरपोरेशन, स्मार्ट सोसायटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक समाधान देने में दुनिया की अग्रणी कम्पनी सुप्रसिद्ध आईआईटी मद्रास के गोपालकृष्णन-देशपांडे सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (जीडीसी) के साथ साझेदारी में 'टीआईआईसी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम 2024' शुरू करने जा रही है।



प्रोग्राम का लक्ष्य हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी और डायग्नोस्टिक्स सेक्टर में भारत के एसटीईएम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

टीडीके के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और कॉरपोरेट मार्केटिंग और इनक्यूबेशन मुख्यालय के जनरल मैनेजर माइकल पोक्साटको ने प्रोग्राम की विशिष्टताएं बताते हुए कहा, ''हम हमेशा से भारत की प्रगति के बड़े-बड़े लक्ष्यों को पूरा करने, देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास के लिए इनोवेशन और बड़े बदलाव को लेकर प्रतिबद्ध रहे हैं।यह साझेदारी इस दिशा में एक और बड़ा कदम है।''

इस साझेदारी के बारे में गोपालकृष्णन-देशपांडे सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, आईआईटी मद्रास के इंस्टिट्यूट प्रोफेसर और फैकल्टी-इन-चार्ज प्रोफेसर कृष्णनबाला सुब्रमण्यम ने कहा, ''जीडीसी-आईआईटी मद्रास की टीडीके कॉरपोरेशन से यह साझेदारी हमारे लिए स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इनोवेटिव स्टार्टअप को एकजुट मदद देने का सुनहरा अवसर है। हम टीडीके को उपलब्ध उद्योग के अनुभव के साथ हमारी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और उद्यम विकास में सहयोग को आपस में जोड़कर भारतीय स्टार्टअप को सशक्त बनाना चाहते हैं ताकि वे अपने अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा समाधान बाजार में पेश करने में सक्षम हों।''

टीडीके कॉरपोरेशन इस साझेदारी के माध्यम से भारत में उपलब्ध प्रतिभा भंडार और रचनात्मकता का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सेवा निदान, चिकित्सा उपकरण और संबंधित क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य को बढ़ावा देगा । यह प्रोग्राम संभावनाओं से भरपूर स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी उद्यमों को विशेष ध्यान में रखते हुए उन्हें सहयोग, परामर्श और साझेदारी और निवेश जुटाने का अवसर देगा।

'टीआईआईसी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम 2024' का मकसद भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बेहतर बनाना है । इसके लिए प्रौद्योगिकी उद्योग में टीडीकेके व्यापक अनुभव के साथ अनुसंधान के व्यावसायीकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने में जीडीसी के अनुभव को परस्पर जोड़ा जाएगा।

# फिक्की एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त करने के लिए सिलीगुड़ी चैप्टर लांच किया

**नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी।** भारत के शीर्ष कारोबारी चैंबर फिक्की की महिला शाखा फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अपना 20वां चैप्टर लांच किया। सिलीगुड़ी चैप्टर की लांचिंग से पूरे भारत में महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त करने के एफएलओ के मिशन को मजबूती मिलेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि एवं विकास को गति मिलेगी।




एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत के एक द्वार के तौर पर सिलीगुड़ी के रणनीतिक स्थान और इसकी तेज आर्थिक वृद्धि की वजह से इसे चुना है। सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में एफएलओ का दूसरा चैप्टर है। इस शहर का गतिशील कारोबारी वातावरण और यहां की महिला उद्यमियों की ओर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे विस्तार के लिए एक स्वभाविक पसंद बनाया।

सिलीगुड़ी में कोर्टयार्ड मैरियट में शनिवार 18 मई, 2024 को एक शानदार लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त सुश्री शेरिंग वाई भूटिया और अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेप आर्टिस्ट सुश्री डॉली जैन शामिल रहीं। अन्य प्रमुख हस्तियों में एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा, एफएलओ सिलीगुड़ी की नामित चेयरपर्सन सुश्री निहारिका मित्रुका और एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष सुश्री विनिता बिमभेट, सुश्री जयंती डालमिया और एफएलओ के राष्ट्रीय संचालन निकाय के अन्य सदस्य शामिल रहे। राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव ने कहा, महिलाओं का सशक्तिकरण संख्या से परे है। बिना अधिकार और निर्णय क्षमताओं के उनकी भूमिका महज सजावटी रहती है।

## खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 24 का कर बाद शुद्ध लाभ 261.13 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** खजांची ,ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई ~54 3953) गोल्ड, डायमंड, कीमती पत्थर और बुलियन आइटमों में सुविज्ञता रखने वाली एक अग्रणी भारतीय ज्वेलरी , कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री राजेश कुमार ने कहा, हम सहर्ष खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड के लिए प्रभावशाली ग्रोथ ट्रांजैक्ट्री की रिपोर्ट देते हैं. विश्व भर में गोल्ड ज्वेलरी की दूसरी सबसे बड़ी ग्राहक भारत में वित्त वर्ष 24 में क्रिसिल रेटिंग के अनुमान के अनुसार संगठित गोल्ड ज्वेलर की आय में 16 से 18 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान है. हमारी कंपनी ने गोल्ड के बढ़ते मूल्य द्वारा उत्पन्न चुनौतियां को निपुणता पूर्वक व्यवस्थित किया है. हमारी परिचालन कार्य कुशलता और मजबूत ब्रांड अपील ने हमें मजबूत ग्रोथ और लाभप्रदाता बरकरार रखने में समर्थ बनाया है.

# जेएसडब्ल्यू सीमेंट राजस्थान में 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**मुंबई एजेंसी।** 24.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने राजस्थान के नागौर जिले में एक ग्रीनफील्ड, इंटीग्रेटेड सीमेंट विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। सीमेंट फैक्ट्री का निर्माण शुरू करने के लिए हाल ही में भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। जेएसडब्ल्यू सीमेंट की ओर से नई सीमेंट सुविधा में किए जाने वाले निवेश में 3.30 एमटीपीए तक की क्लिंकराइजेशन यूनिट और 2.50 एमटीपीए तक की ग्राइंडिंग यूनिट के साथ-साथ 18 मेगावाट वेस्ट हीट रिकवरी बेस्ड बिजली संयंत्र भी शामिल है। खदान से विनिर्माण संयंत्र तक चूना पत्थर पहुंचाने के लिए 7 किमी लंबा ओवरलैंड बेल्ट कन्वेयर और भट्ठी में वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने की व्यवस्था भी इस निवेश का हिस्सा है। प्रस्तावित निवेश के लिए यह राशि इक्विटी और दीर्घकालिक ऋण के माध्यम से जुटाई जाएगी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट को पहले ही कुछ नियामक और वैधानिक मंजूरी मिल चुकी है और वह अन्य जरूरी मंजूरियां हासिल करने की राह पर है। एक बार चालू होने के बाद, यह इकाई उत्तर भारत के महत्वपूर्ण सीमेंट बाजार में जेएसडब्ल्यू सीमेंट के प्रवेश का प्रतीक होगी। वर्तमान निवेश से 1,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। जेएसडब्ल्यू सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पार्थ जिंदल के अनुसार, ''यह निवेश हमारे सीमेंट व्यवसाय के माध्यम से राजस्थान में किए जा रहे सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। हम इस क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए राजस्थान सरकार के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। नागौर में हमारी एकीकृत सीमेंट सुविधा स्थापित करने के लिए प्रस्तावित निवेश जेएसडब्ल्यू सीमेंट को अगले कुछ वर्षों के भीतर पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ाता है। इस क्षेत्र में नई क्षमता हमें उत्तरी राज्यों राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और एनसीआर क्षेत्र में अपने ग्राहकों की प्रचुर जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाएगी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट के सीईओ श्री नीलेश नार्वेकर ने कहा, ''यह निवेश उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते और आकर्षक सीमेंट बाजारों में हमारे प्रवेश का प्रतीक होगा।

### चौधरी चन्द्रभान सिंह 64 वर्ष के हुए

## जिले भर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**छिंदवाड़ा।** भाजपा नेता व पूर्वमंत्री चौधरी चन्द्रभान ने अपना 64 वा जन्म दिन समर्थकों के साथ मनाया चौधरी चन्द्रभान को जिले भर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। वे पूर्व में लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। मोहखेड़ के नेता लखन डोंगरे एवं सदन साहू चौधरी चन्द्रभान सिंह को बधाई देते हुए। चौधरी चन्द्रभान सिंह की लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को उन्होने लोकसभा की स्थिति की जानकारी दी।

## दुपहिया सहित शराब तस्कर गिरफ्तार

### पांढुर्ना आबकारी ने की कार्यवाही



**पांढुर्ना ।** रेल्वे अंडर ब्रिज के पास एक शराब तस्कर को गिरफ़्तार करने में सफलता मिली। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई इस कार्यवाही के दौरान मिलन गावण्डे को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ़्तार किया गया। आरोपी मिलन दुपहिया क्रमांक एमपी 28 एम 7738 पर दो प्लास्टिक ट्यूब में साठ लीटर हाथ भट्टी शराब भर तस्करी कर रहा था। आरोपी के कब्जे से बरामद वाहन और शराब का मूल्य 36 हजार है। इस कार्यवाही के दौरान एडीईओ जीएल मरावी, आबकारी आरक्षक अमृत खवसे और श्रद्धा रहगंड़ाले उपस्थित थे।

## निगम ने अतिक्रमण हटाया



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेशानुसार अतिक्रमण दल प्रभारी निरज ताम्बे एवं अतिक्रमण दल के ब्दारा आज पोस्ट आफीस राज टाकीज एवं स्टेडियम के पास फौजी फरुट वाले का अतिक्रमण हटाया गया।

## अग्निवीर सैनिक की भर्ती रैली 01 से 08 जुलाई तक

**छिन्दवाड़ा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट (से.नि.) कर्नल जया जेवियर ने बताया कि जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली मे यूनिट हेडक्वार्टर कोटा में जाट रेजीमेंट के सैनिक और भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रो/बैटल कैजुअल्टी और लीगली अडोप्टेड पुत्रों और जाट रेजीमेंट के सैनिक और भूतपूर्व सैनिकों के भाईयों और अन्य रेजीमेंट के सैनिक और भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रों/भाईयों के लिये अग्निवीर सैनिक भर्ती के लिये 01 जुलाई 2024 से 08 जुलाई 2024 तक विभिन्न जिलो में भर्ती होना है। जिसमें सैनिक सामान्य ड्यूटी, सैनिक लिपिक, ट्रेडमेन की रिक्तियों के लिये रैली भर्ती होना है। जिले के इच्छुक युवा उम्मीदवार रैली में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से अथवा कार्यालय के दूरभाष कमांक 07162-242119 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## बिजली का करंट लगने से युवक की हुई मौत

**अमरवाड़ा।** ग्राम भूमका निवासी रहेश ककोड़िया पिता सहतर ककोड़िया सोमवार को टेंट लगाने के लिए ग्राम दामखोह गया हुआ था। मंगलवार की सुबह 9 बजे डेकोरेशन का लोहे का पाइप निकलते हुए बिजली का करंट लग गया जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरवाड़ा लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रहेस की मौत बिजली की करंट लगने से हो गई। अस्पताल तहरीर पर अमरवाड़ा थाने में पदस्थ उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार मार्को ने प्रकरण में मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तत्पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया आगे प्रकरण में जांच जारी है।

## शराब पकड़ाई

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम खूटियाढ़ाना निवासी हीरालाल नामक व्यक्ति के पास से सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह बघेल ने कच्ची महुआ की शराब जप्त कर आबकारी प्रकरण पंजीब्ध्द कर विवेचना में लिया ।

## विनोद तिवारी को पितृ शोक

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ समाज सेवी विनोद तिवारी, प्रमोद तिवारी एवं मनोज तिवारी के पिता जी श्री शंकर लाल तिवारी का निधन हो गया वे 78 वर्ष के थे, उनकी अंत्येष्ठी में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।



श्री विनोद तिवारी जनपरिषद छिंदवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष है, जनपरिषद परिवार द्वारा स्वर्गीय श्री शंकर लाल तिवारी को श्रद्धाजंलि दी।

## सुन्दरलाल चौरसिया का निधन

**छिंदवाड़ा।** चम्पालाल चौरसिया, विमवेश चौरसिया एवं मीनू अल्पेश चौरसिया के पिता श्री सुन्दरलाल चौरसिया का 91 वर्ष की उम्र में निधन हा गया, उनकी अंत्येष्ठी में सभी वर्ग के लोगों ने भाग लेकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया पटवारी

### ऋण पुस्तिका बनाने मांगे थे 10 हजार, लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई



**छिंदवाड़ा।** परासिया में लोकायुक्त की टीम ने एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। उसके पास से नगदी जब्त कर कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि आवेदक ने यह रिश्वत ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में मांगी थी। जिसके बाद उसकी शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी अनुसार आवेदक गुलफाम अंसारी पिता गुजुन अंसारी उम्र 30 साल निवासी न्यूटन चिखली का रहने वाला है। उसकी बहन गुन्नार अंसारी ने चिकली कला गांव में 9 हजार वर्ग फुट का प्लाट खरीदा था। इस प्लाट की ऋण पुस्तिका बनाने के लिए आवेदक गुलफाम अंसारी पटवारी कमल पिता टिक्कू गढ़ेवाल उम्र 40 साल के पास पहुंचा था। ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में 10 हजार रूपए की मांग की थी। इसकी शिकायत आवेदक ने लोकायुक्त में कर दी थी। बुधवार को पटवारी ने उसे आईसीआईसी बैंक के सामने बुलाया था। जहां पहले से लोकायुक्त की टीममौजूद थी। जैसे ही आवेदक ने पटवारी को 7 हजार रूपए दिए। वैसे ही टीम ने उसे रंगे हाथों रिश्वत लेते दबोच लिया। उसके पास से 7 हजार रूपए जब्त कर लिए। जब हाथ धुलाए गए तो पानी गुलाबी रंग का हो गया। इसके बाद टीम ने पटवारी पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की । बता दें कि बीते एक सप्ताह पूर्व भी छिंदवाड़ा में नक्शा दुरूस्त करने के नाम पर एक पटवारी 12 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ाया था। लोकायुक्त की टीम में इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कुमार दीवान एवं 5 अन्य सदस्य शामिल थे।

### राजस्व में जमकर चल रही रिश्वत खोरी

बता दें कि जिले भर में राजस्व विभाग में जमीनों के मामले में जमकर रिश्वत खोरी चल रही है। चाहे जमीन से संबंधित मामले हो या अन्य मामले सभी मामले में बगैर रिश्वत के कोई काम नहीं होते। वही पटवारी ले देकर जमीनों के नाम में भी हेराफेरी करने से बाज नहीं आ रहे है।

### लोकायुक्त की खबर लगते कार्यालय से निकले तहसीलदार

परासिया तहसील कार्यालय के सामने ही स्थित आईसीआईसीआई बैंक में जब लोकायुक्त जबलपुर की टीम पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते पड़ रही थी। इस दौरान जैसे ही नायब तहसीलदार को इस बात की खबर लगी तो तहसीलदार तत्काल कार्यालय से निकल गए। जब लोकायुक्त की टीम पटवारी को तहसील कार्यालय लेकर आई उस दौरान ही नायब तहसीलदार बाहर निकल रहे थे यह नजारा भी कैमरे में कैद हुआ है।

## पर्यटन ग्राम सावरवानी को मॉडल गांव बनाया जाएगा: कलेक्टर

### कलेक्टर ने होम स्टे का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की चर्चा, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मांगे सुझाव



**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह आज मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी पहुंचे और यहां बन रहे होम स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां बने दो नए होम स्टे का भी शुभारम्भ किया और पर्यटकों के लिए खोला। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सावरवानी को मॉडल ग्राम बनाया जायेगा, इसके लिए सभी विभागों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा यहाँ के ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

पर्यटन ग्राम सावरवानी पहुँचे कलेक्टर श्री सिंह ने यहां के सभी होम स्टे संचालकों से बातचीत की और यहाँ आ रहे पर्यटकों से मिल रहे फीडबैक को जाना। पर्यटकों के सत्कार, उन्हें दिए जाने वाले भोजन, गांव में पर्यटकों के मनोरंजन व उन्हें विजिट कराए जाने वाले स्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सावरवानी में पर्यटक किस तरह अधिक दिन बिता सकते हैं, इसके बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने ग्राम में आने वाले पर्यटकों के लिए मिलेट्स उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने होम स्टे हितग्राहियों को कपिल धारा योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सावरवानी के ग्रामीणों और युवाओं से चौपाल लगाकर भी चर्चा की और सावरवानी को स्वच्छ और मॉडल गांव बनाने के लिए सभी के विचार जाने। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम के युवाओं को उनकी क्षमता और रुचि अनुसार रोजगार से जोड़ा जाए। पर्यटन ग्राम में सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं पर तत्काल कार्य किए जाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पार्थ जैसवाल, तामिया जनपद के सीईओ श्री संतोष कुमार मांडलिक, जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, तहसीलदार तामिया, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, सहायक यंत्री सुश्री रामवती कैथवास, ब्लाक समन्वयक श्री एस आर, सावरवानी पर्यटन समिति के सभी सदस्य, क्षेत्र के इंजीनियर व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### महानगरों की तर्ज पर परासिया में होगा सौंदरीयकरण

**परासिया।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के निर्देशन पर नगर पालिका उपन्यत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी के द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया जिसमें चक्की नाले मैं भुजलिया विसर्जन करने के लिए निर्माण कार्य एवं सौंदर्य करण का कार्य किया जाएगा एवं शहर की विभिन्न में रोड की पुलिया के ऊपर भी सौंदर्य करण का कार्य किया जाएगा एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर सेल्फी पॉइंट का निर्माण कार्य कराया जाएगा जिसमें गुरुद्वारे के सामने सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा एवं स्टेशन रोड में और राम मंदिर के पास और पिपरिया रोड में पुलिया के ऊपर सौंदर्य करण का कार्य कराया जाएगा एवं छिंदवाड़ा रोड में स्थित रेलवे ब्रिज में भी सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा विभिन्न प्रकार की लाइटिंग लगाकर शहर को सुंदर एवं शुभ व्यवस्थित सुसज्जित किया जाएगा एवं विवेकानंद पार्क में भी सेल्फी पॉइंट का निर्माण कार्य कराया जाएगएवं विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग स्लोगन जैसे स्वच्छ एवं सुंदर परासिया हमारा, एवं हमारा परासिया, एवं आई लव परासिया, जैसे स्लोगन लगाकर सेल्फी प्वाइंटों का निर्माण कार्य कराया जाएगा

## मध्य प्रदेश के किसानों को मिली फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन की सौगात

**सिवनी(मध्यप्रदेश)।** धान की खेती करने वाले मध्य प्रदेश के किसानों को अपनी खेतों में स्वत- उगने वाले धान के जंगली पौधों और खरपतवारों से अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनकी इस समस्या का सटीक समाधान सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने संयुक्त रूप से फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन के रूप में पेश किया है। व्यापक शोध और परीक्षण के बाद फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को मध्य प्रदेश के धान की खेती करने वाले किसानों के लिए सिवनी में लांच किया गया। धान की खेती की यह नई तकनीक किसानों के लिए कई मायनों में लाभकारी है। फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन से किसानों को प्रति एकड़ 6000 से8,000 रुपये की बचत होगी। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी 25-30प्रमिशत की कमी आएगी। यह राज्य के 5 से 6 लाख हेक्टेयर से भी अधिक जमीन पर धान की सीधी बुआई या धान की रोपाई के लिए पारंपरिक डीएसआर विधि से खेती करने वाले स्थानीय किसानों के लिए एक वरदान है। सवाना सीड्स अग्रणी वैश्विक फसल सुरक्षा कंपनी, एडमा इंडिया के सहयोग से भारतीय बाजार में




लॉन्च किये गए फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन का अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीधे बीज वाले चावल (डीएसआर) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन स्मार्टराइस जेनेटिक्स, स्मड बीज उपचार, फुलपेज अद्वितीय आईएमआई हर्बिसाइड टॉलरेंस विशेषता और एडमा के वेज़िर हर्बिसाइड की विशेषताओं को संयुक्त रूप से एक साथ सम्मिलित करता है। धान की एक व्यापक फसल प्रणाली के रूप में, फुलपेज राज्य में धान की खेती को एक नया लाभकारी स्वरूप प्रदान करने के लिए तैयार है। सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों को रेखांकित करते हुए कहा,फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि करता है, बल्कि पानी का संरक्षण भी करता है। साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम करता है। इस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखता है। गौरतलब है कि शीर्ष चावल उत्पादक राज्यों में से एक होने के बावजूद, मध्य प्रदेश में धान की खेती करने वाले किसानों को जंगली धान की वजह से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। जंगली धान नियमित धान के साथ उगता है और जब तक कि दाने फूटना शुरू नहीं हो जाते तब तक उनकी पहचान भी नहीं हो पाती है। धान की यह जंगली किस्म पैदावार को 25 से 30 प्रतिशत तक कम कर देती है। फुलपेज0 के लॉन्च से पहले चावल की खेती में जंगली चावल को नियंत्रित करने के लिए बाजार में कोई खरपतवार नाशक उपलब्ध नहीं था।। जंगली धान से निजात पाने का एकमात्र पारंपरिक तरीका हाथ से निराई ही है। इसमें मेहनत भी ज्यादा लगती है और महंगा भी होता है। पिछले तीन वर्षों में इस तकनीक का देश के अन्य राज्यों में सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जा चुका है। अब यह व्यवसायिकतौर पर मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध है।श्री अजय राणा ने आगे कहा, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन इस समस्या का सटीक समाधान प्रदान करता है। यह मैन्युअल निराई की आवश्यकता को समाप्त करता है और पैदावार बढ़ाने के साथ-साथ किसानों के पैसे बचाता है। अब इसे राज्य में व्यावसायिक रूप से लॉन्च किया जा रहा है।

## कुत्ते के झुंड ने मासूम को नोंचा राहगीरों ने बचाई जान



**छिंदवाड़ा।** शहन की गलियों में कुत्ते के झुंड हमलावर होते जा रहे है। राह चलते लोगों पर झपटते हुए उन्हें लहूलुहान कर रहे हैं। रायल चौक में करीब आधा दर्जन कुत्तों के झुंड ने 6 साल के मासूम को बुरी तरह नोंचा। राहगीरों ने कुत्तों के झुंड को भगाते हुए मासूम की जान बचाई पैरों में गंभीर चोट लगने से बच्चे का उपचार जारी है। जानकारी अनुसार रायल चौक निवासी सोहिब खान का 6 वर्षीय बालक महफूज दुकान के पास से गुजर रहा था तभी कुत्तों के झुंड ने मासूम पर हमला बोल दिया। बच्चे के पैरों पर झपटने के बाद कुत्ते बच्चे को नोंच रहे थे। तभी राहगीरों ने कुत्तों को भगाया, बच्चे का बचाया और फिर परिजन उसे जिला अस्पताल में उपचार कराले लाए।

### पिता ने कहा निगम को कई बार आवेदन दिया, तादात कम करने नहीं उठे कदम

घायल बच्चे के पिता सोहिब का कहना है कि आवारा कुत्तों का तादात दिन-ब-दिन बढ़ते जा रही है। कुत्ते हमलावर हो गए है। कई बार नगर निगम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की लेकिन अब तक नगर निगम काई ठोस कदम नहीं उठा पाई।

### निजी अस्पताल और क्लीनिक के आंकड़े दो गुने

5 माह में एक हजार से अधिक लोगों को श्वानों ने काटा है। यह सिर्फ जिला अस्पताल के आंकडे है। इससे लगभग दो गुना अधिक लोग ऐसे होंगे जिन्होने निजी अस्पताल और क्लीनिकों में जाकर डॉग बाइट का इलाज कराया। जिसका रिकार्ड स्वास्थ्य विभाग के पास भी नहीं है।

### जिला अस्पताल में मरीजों की स्थिति

प्रति दिन औसतन आठ से दस मरीज आते है। जून से अभी तक 1950 मरीज अस्पताल पहुंचे। हर माह 250 स 300 एंटी रैबीज इंजेक्शन के डोज लगाए जाते हैं।

### इन इलाकों में सबसे ज्यादा हमले

लालबाग रेल्वे क्रासिंग से पीजी कॉलेज रोड पर
मेडिकल कॉलेज का कैम्पस बना हॉट स्पॉट
पुराना पॉवर हाऊस से छोटा तालाब की सड़क।
छापाखाना इलाके में कुत्तों के झुंड से दहशत।
राज टॅकिजा, मटन मार्केट, रायल चौक तक।
इंशा नगर में शाम के बाद सड़क पर रहता है सन्नाटा।
नरसिंहपुर नाका से संकट मोचन हनुमान मंदिर तक।
शिव नगर कालोनी, मते कालोनी से म्यूजियम मार्ग तक।

## खिरकिया में विद्युत चोरी का बड़ा मामला पकड़ाया,17 लाख 56 हजार की वसूली होगी,वर्धमान कृषि उद्योग के विरुद्ध FIR दर्ज



**हरदा।** हरदा जिले के खिरकिया में विद्युत चोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। इस मामले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा छिपाबड़ थाने में बुधवार को स्न्ढ्ढक्रदर्ज करा दी गई है।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक श्री अनूप सक्सेना ने बताया कि नर्मदापुरम की बिजनेस इंटेलिजेंस सेल द्वारा खिरकिया स्थित वर्धमान कृषि उद्योग के विद्युत कनेक्शन की मॉनिटरिंग के दौरान पाया गया कि इस संस्थान की विद्युत खपत अत्यधिक कम प्रदर्शित हो रही थी, जो कि संदेह जनक थी। मंगलवार शाम को वर्धमान कृषि उद्योग के विद्युत कनेक्शन की विस्तार से जांच की गई, तो यह बात सामने आई कि इस संस्थान में अंडरग्राउंड केबल डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। संस्थान से दो ट्रांसफार्मर भी जप्त किए गए हैं।

कम्पनी के महाप्रबंधक श्री सक्सेना ने बताया कि विद्युत चोरी का प्रकरण बनाकर वर्धमान कृषि उद्योग के विरुद्ध छिपाबड़ थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 139 के तहत स्न्ढ्ढक्रदर्ज करा दी गई है, तथा 17 लाख 56 हजार 119 रुपये के विद्युत बिल की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

## शासकीय भूमि से हटवाया गया 22 अतिक्रमणकारियों का कब्जा



**चौरई ।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आज एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और एसडीओ पुलिस चौरई श्री सौरभ तिवारी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस के अमले द्वारा अनुविभाग चौरई के अंतर्गत ग्राम पलटवाड़ा में स्थित 0.150 हेक्टेयर शासकीय भूमि से 22 अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में एसडीएम और एसडीओ पुलिस के साथ ही तहसीलदार चौरई श्री राजेन्द्र सिंह तेकाम, थाना प्रभारी चौरई दिलीप पंचेश्वर, नायब तहसीलदार चौरई अमित रिनाहिते सहित तहसील के राजस्व एवं पुलिस के संपूर्ण अमले की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

एसडीएम चौरई श्री मिश्रा ने बताया कि ग्राम पलटवाडा स्थित म.प्र.शासन पर्यटन विभाग को आवंटित भूमि खसरा नंबर 4/1 रकबा 4.374 हेक्टेयर एवं अन्य शासकीय भूमि ख.नं. 9/1 रकबा 4.423 हेक्टेयर मुख्य राज्यमार्ग से ग्राम पलटवाडा रोड पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चौरई की बाउण्ड्रीवाल से लगी हुई भूमि में 22 अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिये जाने पर न्यायालय तहसीलदार चौरई द्वारा अनावेदकगण को बेदखली आदेश जारी करने के उपरांत भी पर्याप्त समय व अवसर दिया गया, लेकिन उसके बाद भी अनावेदकगण द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया, जिस पर आज अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए 0.150 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई।

## धार कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर गिरफ्तार!

**धार।** नर्सिंग कॉलेज रिश्वतखोरी केस में लगातार सीबीआई की कार्रवाई जारी है। एक के बाद एक खुलासों से यह मालूम पड़ रहा है कि इस घोटाले के तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं। सीबीआई ने अब तक 23 आरोपियों की गिरफ्तारी की है जिसमें ष्टक्चढ्ढ के इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इसी बीच धार कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर आशीष चौहान की गिरफ्तारी की खबर भी सामने आ रही है।



हालांकि एसपी ने सीबीआई के धार में आकर आशीष चौहान की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। लेकिन सूत्रों के अनुसार कल धार से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने चर्चा के दौरान बताया कि सीबीआई द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। बता दें कि इस रिश्वत कांड में अब तक सीबीआई के डीएसपी, तीन इंस्पेक्टर सहित 23 आरोपी गिरफ्तार किए का चुके हैं। आज सीबीआई ने इंस्पेक्टर राहुल राज को बर्खास्त भी कर दिया है।

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पंजीयन का कार्य प्रारंभ

### जिले के कृषक 18 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से 5 जून तक करा सकते हैं पंजीयन



छिंदवाड़ा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा विपणन वर्ष 2024-25 में प्राइज सर्पोट स्कीम के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूँग एवं उड़द के पंजीयन के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इन निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने विपणन वर्ष 2024-25 में जारी नीति निर्देशानुसार जिला उपार्जन समिति की सहमति के बाद छिन्दवाड़ा जिले में ग्रीष्मकालीन मूँग एवं उड़द उत्पादक कृषकों के पंजीयन के लिये कुल 18 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है और कृषकों की सुविधा के लिए इन केंद्रों में 18 समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन फसल मूंग व उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिये 20 मई 2024 से कृषकों के पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 5 जून 2024 तक चलेगा। किसान निर्धारित 18 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने पंजीयन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय में उपस्थित रहकर शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार पंजीयन की कार्यवाही का संपादन सुनिश्चित करेंगे और प्रतिदिन पंजीयन की कार्यवाही से उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिन्दवाड़ा को अवगत करायेंगे।निर्धारित 18 पंजीयन केंद्र-ग्रीष्मकालीन फसल मूँग एवं उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंजीयन के लिये कलेक्टर श्री सिंह ने 18 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए हैं। इनमें तहसील मोहखेड़ की सेवा सहकारी समिति मर्यादित सारोठ, तहसील जुन्नारदेव की सेवा सहकारी समिति मर्यादित जुन्नारदेव, तहसील तामिया की लेंपस सेवा सहकारी संस्था झिरपा, तहसील हर्रई की लेंपस सेवा सहकारी संस्था हर्रई, तहसील अमरवाड़ा की सहकारी विपणन संस्था मर्यादित अमरवाड़ा, सेवा सहकारी समिति सिंगोड़ी व सेवा सहकारी समिति अमरवाड़ा, तहसील चौरई की सेवा सहकारी समिति चौरई, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित चौरई व सेवा सहकारी समिति कुंडा, तहसील चांद की सेवा सहकारी समिति चांद, तहसील छिंदवाड़ा की सहकारी विपणन संस्था मर्यादित छिंदवाड़ा व लेंपस सेवा सहकारी समिति छिंदवाड़ा, तहसील बिछुआ की लेंपस सेवा सहकारी संस्था बिछुआ, तहसील परासिया की सेवा सहकारी संस्था परासिया, तहसील उमरेठ की लेंपस सेवा सहकारी संस्था उमरेठ, तहसील पांढुर्णा की सहकारी विपणन संस्था मर्यादित पांढुर्णा और तहसील सौंसर की सेवा सहकारी संस्था सौंसर शामिल है।

## कान्स 2024 में जैकलीन फर्नांडिस ने अपने ड्रेस लुक्स और खूबसूरती से जीता सबका दिल!

### रेड कार्पेट पर मौजूदगी से सभी को किया इंप्रेस

जैकलीन फर्नांडीज ने 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी आकर्षक और शानदार मौजूदगी के साथ साथ अपने जबरदस्त स्टाइल से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा ही नहीं बल्कि उन्हें अपना दीवाना बना लिया है। ऑफ-शोल्डर गोल्डन कॉउचर गाउन पहने फर्नांडीज एक ट्रू शोस्टॉपर की तरह नजर



आ रही थीं, उन्होंने अपनी मौजूदगी से रेड कार्पेट पर सभी को इंप्रेस किया।

अपने ग्लैमरस फैशन चॉइसेज के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने इस साल खुद को एक अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। कान्स में उनकी मौजूदगी इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के सभी डेलीगेट्स की तुलना में सबसे अच्छी थी। जैकलीन फर्नांडीज फैशन के मामले में बिल्कुल कमाल की दिखीं, वह उनकी खूबसूरती का क्या कहना।

उनकी गोल्डन ड्रेस आंखों को खूबसूरती से रूबरू कराती है, और उनका पॉजिटिव प्रेजेंस साबित करता है कि एक्ट्रेस असल में सनशाइन गर्ल हैं। उनके आउटफिट में बारीक से काम किया गया है और उसकी सही फिटिंग के साथ एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगाते हुए देखा जा सकता है। फर्नांडीज के लुक को अब तक का बेस्ट ड्रेस्ड कहा गया है, जिसने बाकी फेस्टिवल के लिए एक हाई स्टैंडर्ड सेट कर दिया है।

जैसे-जैसे यह फेस्टिवल आगे बढ़ेगा, जैकलीन फर्नांडीज के गोल्डन मोमेंट्स को एक खास पल के रूप में याद किया जाएगा। उनकी शानदार मौजूदगी ने उनकी स्टाइल को पेश किया है और सिनेमा और फैशन में इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के योगदान पर ग्लोबल अटेंशन को अपनी तरफ खींचा है।



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल के बुद्ध मंदिरों में भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना के साथ ही विशेष आयोजन किए गए।












**चार धाम यात्रा:** कोरल वुड हिमालियन हाइकिंग सोल्स सोसाइटी भोपाल के निवासी ओर वरिष्ठ नागरिक चार धाम यात्रा के लिए आज प्रस्थान कर रहे हैं जिसके सयोजक धीरन दत्ता और विनीता अवस्थी ने पूर्वसंध्या पर सबको यात्रा की जानकारी दी। यह यात्रा 12 दिवस की है, जिसमें 37 यात्री है, 30 वरिष्ठ नागरिक हैं।

## कमलनाथ ने मतदान के आंकड़ों में हुए बदलाव को लेकर पूछा- इतना बड़ा अंतर कैसे आया, इसकी वजह क्या है?

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के चारों चरणों के मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, देश में अब तक पांच चरणों में मतदान हो चुका है। चुनाव आयोग के आंकड़ों को लेकर एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ ने चुनाव आयोग को घेरा है। बता दें कि कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है



कि देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में रियल टाइम मतदान और बाद में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित मतदान के आंकड़ों में अब तक 1.07 करोड़ वोटों की वृद्धि हुई है। रियल टाइम और संशोधित आंकड़ों में वोटों की इतनी बड़ी वृद्धि अभूतपूर्व एवं चौंकाने वाली है। कमलनाथ ने आगे लिखा कि माननीय निर्वाचन आयोग से आग्रह करता हूं कि वह तत्काल स्थिति को स्पष्ट करे। चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने के साथ पारदर्शी भी होनी चाहिए। पारदर्शिता के अभाव में कई बार सही प्रक्रिया भी गलत दिखाई देने लगती है। माननीय निर्वाचन आयोग को सभी भ्रम और शंका दूर करने के लिए सामने आना चाहिए और स्पष्ट बताना चाहिए कि आखिर वोटिंग के आंकड़ों में इतना बड़ा अंतर कैसे आया और इसकी क्या वजह है?

पांच चरणों के मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बाकी बचे दो चरणों में मतदान होना है। अब तक पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई और 20 मई को मतदान हो चुके हैं। अब आगामी दिनों में 25 मई और एक जून को मतदान होगा। वहीं नतीजे चार जून को आएंगे। बात मध्य प्रदेश की करें तो यहां की 29 सीटों पर पहले दो चरण में 19 और 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। राज्य के तमाम बड़े नेता इन दिनों दूसरे राज्यों में प्रचार में जुटे हैं।

# प्रदेश में लू का अलर्ट, भोपाल-इंदौर में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर, चंबल और मालवा-निमाड़ के शहर भट्टी की तरह तप रहे हैं। पिछले 2 दिन से रतलाम सबसे हॉट है। वहीं, भोपाल-इंदौर में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जबकि ग्वालियर-चंबल में लू का असर है। मौसम विभाग भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 24-25 मई से पूरे प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी। भीषण लू का अलर्ट भी जारी किया है। इससे पहले बुधवार को भी भीषण गर्मी रही। रतलाम में पारा 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। लगातार दूसरे दिन रतलाम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं, भोपाल और इंदौर सीजन के सबसे हॉट रहे। भोपाल में 43.9 डिग्री और इंदौर में टेम्प्रेचर 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में 43.7 डिग्री, उज्जैन में 43.8 डिग्री और जबलपुर में पारा 42 डिग्री रहा।

भोपाल में शाम को हल्की बारिश भी हुई, लेकिन इसके बाद उमस का असर भी बढ़ा रहा। शिवपुरी, सागर, नौगांव, दतिया, गुना, खजुराहो, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, दमोह और धार में तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

### भीषण गर्मी के साथ आज आंधी-बारिश भी

मौसम विभाग ने गुरुवार को भीषण गर्मी के अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

### इसलिए ऐसा मौसम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया, राजस्थान के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इसके चलते बंगाल और अरब सागर की खाड़ी से आ रही नमी बादल के रूप में सक्रिय है। साथ में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के हिस्से में निम्न दाब क्षेत्र है। इस वजह से भी गर्मी का असर बढ़ा हुआ है।

## जयविलास में शोक बैठक आज से 26 तक, राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे वीआईपी-वीवीआईपी



राजमाता माधवीराजे सिंधिया की शोक सभा जयविलास पैलेस के रानीमहल में 23 से 26 मई तक होगी। शोकसभा का समय सुबह 11 से दोपहर 1 और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रहेगा। सभा में माधवीराजे सिंधिया के बेटे और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पोते महानआर्यमन सिंधिया उपस्थित रहेंगे।

आज ( 23 मई ) से फिर चार दिन 23 से लेकर 26 तारीख तक के लिए जयविलास पैलेस में शोक बैठक होगी।

इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया जयविलास पैलेस में बैठेंगे और मां स्व. माधवी राजे सिंधिया के निधन पर लोगों की शोक संवेदनाएं लेंगे। इस दौरान कई वीआईपी और वीवीआईपी लोगों के आने की संभावना है।

सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार ( 15 मई ) की सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। जानकारी के मुताबिक सुबह 9.28 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ दिन से वेंटिलेटर पर थीं। पिछले तीन महीने से उनका इलाज चल रहा था। वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं।

### माधवी राजे के लंग्स में था इंफेक्शन

बता दें, माधवी राजे सिंधिया की तबीयत कुछ समय पहले से ज्यादा खराब थी। माधवी राजे सिंधिया के लंग्स में इंफेक्शन था। उनका इलाज एम्स दिल्ली में चल रहा था। गंभीर हालत होने पर उन्हें एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया था और उन्हें वेंटिलेटर का सपोर्ट दिया गया था।

## व्यापम के कलंक से बाहर नहीं आ पाए कि अब नर्सिंग का भी घोटाला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के चर्चित नर्सिंग घोटाला मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार को जमकर घेरा है। कांग्रेस ने कहा कि व्यापम के कलंक से बाहर नहीं आ पाए कि अब नर्सिंग का भी घोटाला सामने आ गया। प्रदेश का नर्सिंग वातावरण हनुमान जी की आठ सिद्धियां प्राप्त कर चुका हैं। साथ ही कहा कि इस घोटाले को अगले विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा।



गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारने कहा कि व्यापम के कलंक से बाहर नहीं आ पाए, अब नर्सिंब का भी घोटाला सामने आ गया। जिसमें बीजेपी के नेता भी शामिल है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी स्टूडेंट को हो रही है। हस्ढ्ढ मेडिकल विंग कॉर्डिनेटर रवि परमार ने कहा कि 100 बेड का अस्पताल, 2300 स्क्वायर फीट की जगह और टीचर्स की स्ह्यष्. नर्सिंग की योग्यता होनी चाहिए। प्रदेश में फर्जी रजिस्टार की नियुक्ति की गई। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज से सुनीता सिदू को रजिस्ट्रार बनाया गया।

रवि परमार ने कहा कि हाइकोर्ट के आदेश के बाद इनको निलंबित किया गया, फिर भी सुनीता सिदू को सभी सुविधाए दी जा रही थी। ग्वालियर ॥ष्ट ने परीक्षा पर रोक लगवाया, फिर सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। बीजेपी के कई नेता इस घोटाले में शामिल है। एमपी में फर्जी फैकल्टी का भी घोटाला हुआ। एक ही फैकल्टी 1 दिन में स्क्कके जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, भोपाल में पढ़ा कर अन्य राज्यों में भी पढ़ा रहे थे। भोपाल का मलय नर्सिंग कॉलेज का अस्पताल 40 किलोमीटर दूर था, नियम 20 किलोमीटर का ही है।

### आवाज उठाई तो हथकड़ी बांधकर घुमाया गया

एमपी कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि ग्वालियर हाई कोर्ट की जांच के बाद सीबीआई ने कई मेडिकल कॉलेज को सूटेबल घोषित किया। 66 नर्सिंग कॉलेज को अपात्र घोषित किया गया था। समिति ये देखती है कि कितने स्क्वेयर फीट की जगह चाहिए, कितनी जगह है उसके हिसाब से मान्यता दी गई। 169 को पात्र, 73 अल्प पात्र और 66 कॉलेजों को अपात्र बताया गया था। इनमें से 9 नर्सिंग कॉलेज शासकीय थे। नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंड ने 4 साल के कोर्स की परीक्षा 1 साल में ही दे दी। रवि परमार ने इस घोटाले के लिए आवाज उठाई थी, तो हथकड़ी बांधकर घुमाया गया।

### डिप्टी सीएम और पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री पर साधा निशाना

मुकेश नायक ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला पर भी निशाना साधा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नर्सिंग वातावरण हनुमान जी की आठ सिद्धियां प्राप्त कर चुका हैं। नर्सिंग घोटाला अगले विधानसभा सत्र का सबसे महत्वपूर्ण विषय होगा। उन्होंने कहा कि एमपी के पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के समय सबसे ज्यादा मेडिकल नर्सिंग कॉलेज खोले गए। एक साल में 40त्न नए कॉलेज खुले।

### भाजपा बैठक

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने आज भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर, बंसल वन में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान महापौर मालती राय, पूर्व न्यायाधीश राम मीणा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी क्षमा त्रिपाठी, पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम चंद पटवारे, हमीर सिंह पटेल एवं पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता माली उपस्थित रहे।



## उज्जैन में 18 मंदिर-मस्जिदों के हिस्से हटाए जा रहे, कहीं धरना तो कहीं लोगों ने स्वेच्छा से तोड़ना शुरू किया

**उज्जैन।** उज्जैन में केडी गेट से इमली चौराहा तक चौड़ीकरण में आड़े आ रहे धार्मिकस्थलों और मकानों के अतिक्रमण को गुरुवार सुबह प्रशासन की टीम हटाने पहुंची है। मुस्लिम समाज के लोग इसके विरोध में उतर आए। महिलाएं मस्जिद के सामने ही सड़क पर बैठ गईं। नगर निगम और पुलिस के अधिकारियों ने समझाया, तब समाज के लोगों ने खुद ही मस्जिद के हिस्से को गिराने का निर्णय लिया। इधर, लालबाई फूलबाई चौराहे पर दिग्विजय हनुमान मंदिर को शिफ्ट किया जाना है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग धरने पर बैठ गए। कार्रवाई रोक दी गई है। निगम अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने स्वेच्छा से अपने मकान का अतिक्रमण वाला हिस्सा तोड़ना शुरू कर दिया है।

केडी गेट से लेकर इमली चौराहा तक जून 2023 में चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ था। बीच में 13 मंदिर, 1 मजार, 2 मस्जिद, 2 जैन मंदिर जद में आ रहे हैं। 32 मकानों की गैलरी और आगे के हिस्से भी तोड़े जाने हैं। इसके बाद इस रास्ते पर पोल पर ?लाइन खींचते हुए सेंट्रल लाइट लगाई ?जाएगी और दूसरे अधूरे काम पूरे किए जाएंगे।



### मंदिर में धरने पर बैठे हिंदू संगठनों के लोग

लालबाई फूलबाई चौराहे पर दिग्विजय हनुमान मंदिर को शिफ्ट किया जाना है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग धरने पर बैठ गए। कार्रवाई रोक दी गई है। निगम अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा का निधन

महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे।



महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरू ने बताया कि दो दिन से शर्मा की तबीयत खराब चल रही थी। आज सुबह जब वे गुदरी स्थित घर से आए तो मंदिर में प्रवेश से ठीक पहले ही उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## प्रथम नियुक्ति दिनांक से दैनिक वेतन भोगी को मिलेगी वरिष्ठता

**भोपाल।** उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश के पालन में लोक निर्माण विभाग के नियमित हो चुके थे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ मिलेगी कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल ने 9 म ई 2024 को पत्र जारी करके नियमित हो चुके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जानकारी मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री से मांगी है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर ने 27 फरवरी 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 10 अप्रैल 2006 उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार को आधार बनाकर आदेश पारित करा है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में सेव करते हुए नियमित हुए कर्मचारियों को दै वे भो के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं अन्य पेंशन पदोन्नति लाभ दिए जाएं यह कार्रवाई 120 दिन में राज्य शासन द्वारा करी जाए इसी आदेश के परिपेक्ष में लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है लेकिन शासन के अन्य विभागों ने अभी भी कार्यवाही प्रारंभ नहीं करी है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने आज मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग करी है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए विस्तारित आदेश का लाभ शासन की समस्त विभागों में दैनिक वेतन भोगी की सेवा के बाद नियमित हुए कर्मचारियों को दिया जाए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 16 मई 2007 के पालन में शासकीय विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित तो किया गया है लेकिन प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ नहीं दी है जिस कारण दैनिक वेतन भोगी की सेवा से नियमित हुए कर्मचारियों को पुरानी वरिष्ठता न मिलने के कारण पदोन्नति एवं पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है।